
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 277 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, मंगलवार 07 अप्रैल 2026 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जैन धर्म का मूल विस्तार यह है कि वह प्रत्येक आत्माओं को परमात्मा बनाने की क्षमता को बताता है।

The fundamental of jainism is that it explains every soul's capability to become god.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## भाजपा का स्थापना दिवस, मोदी बोले-भाजपा हर चुनौती को तैयार







- योगी ने पार्टी के झंडे के साथ सेल्फी ली, म.प्र.में 17 नए कार्यालयों का भूमिपूजन

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भाजपा आज 2026 में अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है। स्थापना दिवस को लेकर देशभर में भाजपा कार्यालयों में कई कार्यक्रम हुए। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, 'देश जानता है, हर चुनौती का सामना करने के लिए बीजपी ईमानदारी से कोशिश कर रही है, आगे भी करेगी। पहले भी सकारात्मक नतीजे मिले हैं और आगे भी मिलेंगे।'

उन्होंने वीडियो मैसेज में कहा, 'अंग्रेजों के दौर के सैकड़ों काले कानूनों का अंत, लोकतंत्र के लिए नए संसद भवन का निर्माण, सामान्य समाज के गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण, कानून बनाकर तीन तलाक पर रोक, सीएए, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण। ऐसे कितने ही काम हैं, जो भाजपा के ईमानदार प्रयासों का नतीजा है। हमारा मिशन अभी भी जारी है।' उत्तर प्रदेश में ष्टरू योगी आदित्य नाथ ने पार्टी के झंडे के साथ सेल्फी ली। मध्य प्रदेश में आज 17 नए कार्यालयों का भूमिपूजन किया जा रहा है। अमित शाह ने लिखा- भाजपा का मूल मंत्र हमेशा स्पष्ट रहा है, नेशनल फर्स्ट, पार्टी नेक्स्ट, सेल्फलास्ट। इसी मूल भावना के साथ भाजपा का हर कार्यकर्ता दिन-रात राष्ट्र-सेवा में समर्पित है। भाजपा ने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के साथ देश को तुष्टीकरण से मुक्त, सुशासन, पारदर्शिता को स्थापित करने का कार्य किया है। आज भाजपा केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के सपनों और आकांक्षाओं की प्रतिनिधि बन चुकी है।



## बीजेपी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल : साय

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को अपने 47वें स्थापना दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की। 6 से 12 अप्रैल तक आयोजित इन कार्यक्रमों की कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में भाजपा के स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने भाजपा के पितृ पुरूषों के प्रतिमाओं को नमन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

### असम चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका

## मल्लिकार्जुन की रैली के दौरान वरिष्ठ नेता ने दिया इस्तीफा



**गुवाहाटी।** असम कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में बड़ा झटका लगा है। सोमवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता और 2024 लोकसभा चुनाव में सिलचर सीट से पार्टी के उम्मीदवार रहे सूर्यकांत सरकार ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

यह इस्तीफा ठीक उसी दिन आया जब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कछार जिले में बोरखोला में एक बड़ी रैली को संबोधित कर रहे थे। सूर्यकांत सरकार ने कांग्रेस अध्यक्ष को संबोधित अपने इस्तीफा पत्र में लिखा कि वे भारी मन से यह कदम उठा रहे हैं। उन्होंने असम में पार्टी के आंतरिक कामकाज और नेतृत्व से गहरी नाराजगी जताई। सरकार ने आरोप लगाया कि संगठनात्मक मुद्दों को बार-बार उठाने के बावजूद पार्टी की राज्य इकाई ने कोई ठोस प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि उनके ईमानदार समर्पण और निरंतर प्रयासों के बावजूद नेतृत्व ने उनकी चिंताओं को गंभीरता से नहीं लिया। परिंदा भी पर न मार सके, वहां कैसे घुसा अनजान शख्स? पत्र में सरकार ने कुछ पदाधिकारियों में जवाबदेही की कमी का भी जिक्र किया। उन्होंने संकेत दिया कि कभी-कभी ऐसा लगता है कि उनकी अनुसूचित जाति पृष्ठभूमि के कारण उनके मुद्दों को नजरअंदाज किया गया।

## ईरान के तीन एयरपोर्ट पर इजराइल का हमला

- बुशहर में नेवी बेस उड़ाया, ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड पर भी अटैक



तेल अवीव। इजराइल ने सोमवार को ईरान में कई अहम सैन्य ठिकानों पर हमले किए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान के पास मौजूद तीन एयरपोर्ट्स पर भारी बमबारी की गई। इजरायल का कहना है कि इन हमलों में कई एयरक्राफ्ट, हेलिकॉप्टर और दूसरे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसी दौरान बुशहर में ईरान के बड़े नेवी बेस पर भी जोरदार धमाका हुआ। यहां नेवल बेस के साथ एयरफोर्स बेस, एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल और ड्रोन के अंडरग्राउंड स्टोरेज मौजूद थे। इसके अलावा इजराइल ने ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड, साउथ पार्स, पर भी फिर से हमला किया है। यह दुनिया की सबसे बड़ी गैस फील्ड है और ईरान के लिए बहुत अहम है। इस हमले से ईरान की ऊर्जा सप्लाई और अर्थव्यवस्था पर असर पड़ सकता है। ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका और इजराइल के हमले बढ़े तो वह ग्लोबल सप्लाई चेन को ठप कर देगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने कहा है कि वह होर्मुज के अलावा दूसरे समुद्री रास्तों को भी निशाना बना सकता है। ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार अली अकबर वेलायती ने कहा कि किसी भी बड़ी कार्रवाई का जवाब सिर्फसैन्य स्तर पर नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा और व्यापार पर असर डालकर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिर्फस्ट्रेट ऑफहोर्मुज ही नहीं, बल्कि बाब-अल-मंदेब जैसे अहम समुद्री रास्ते भी खतरे में आ सकते हैं।

## कतर के प्रधानमंत्री ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से की बातचीत



**दोहा।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने कूटनीतिक स्तर पर सक्रियता बढ़ा दी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से फोन पर बातचीत कर क्षेत्रीय हालात की समीक्षा की है। दोनों नेताओं के बीच हुई इस बातचीत में खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव और उसके वैश्विक असर पर चर्चा हुई। कतर के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा हालात का असर सिर्फ क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और स्थिरता पर भी पड़ सकता है। बातचीत के दौरान कतर के प्रधानमंत्री ने ईरान के हमलों को 'अनुचित' बताया है और कहा कि इस तरह की कार्रवाई क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा है। उन्होंने विशेष रूप से पानी, खाद्य और ऊर्जा से जुड़े महत्वपूर्ण ढांचों को निशाना बनाए जाने पर चिंता जताई है। भारत ने इस पूरे मुद्दे पर संतुलित रुख अपनाते हुए संवाद और कूटनीति के जरिए समाधान की अपील की है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि सभी पक्षों को संयम बरतना चाहिए।

## डीएड अभ्यर्थियों के प्रदर्शन का अनोखा तरीका



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में डीएड अभ्यर्थियों ने अपनी लंबित नियुक्ति की मांग को लेकर सोमवार को अनोखा और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश के 14 कैबिनेट मंत्रियों के सामने अभ्यर्थियों ने दंडवत प्रणाम करते हुए पूजा-अर्चना और आरती की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि, कैबिनेट मंत्रियों और प्रशासन को सद्बुद्धि मिले और वर्षों से लंबित नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी हो। अभ्यर्थियों का कहना है कि, वे पिछले 104 दिनों से अनिश्चितकालीन आमरण आंदोलन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि 2300 सहायक शिक्षक पदों पर जल्द नियुक्ति की जाए। इसके बावजूद अब तक उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। लगातार धरना, प्रदर्शन और अनशन के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि, शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आंदोलन करने के बावजूद उन पर झूठे केस दर्ज किए गए। 3 बार सेंट्रल जेल भेजा गया, इसके बाद भी उनका आंदोलन जारी है। मनोबल कमजोर नहीं हुआ है।

सोमवार को अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन का नया तरीका अपनाया। उन्होंने कहा कि, कैबिनेट मंत्रियों और प्रशासन के सद्बुद्धि की कामना किसी के खिलाफ विरोध नहीं है बल्कि शासन को जगाने का प्रतीकात्मक प्रयास है। वो लोकतांत्रिक और अहिंसक तरीके से अपनी बात रख रहे हैं। अभ्यर्थियों ने साफ कहा कि, अगर जल्द निर्णय नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## तमिलनाडु में 9 पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा



**चेन्नई।** 19 जून 2020 को पुलिस ने मोबाइल कारोबारी पी. जयराज (59) और उनके बेटे जे. बेनिक्स (31) को हिरासत में लिया था। तमिलनाडु की मदुरै सेशन कोर्ट ने सोमवार को बाप-बेटे की सथानकुलम कस्टोडियल डेथ केस में 9 पुलिसकर्मियों को मौत की सजा सुनाई। कोर्ट ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' बताया। कहा कि अत्यधिक बर्बरता और सत्ता के दुरुपयोग का मामला बताया। कोर्ट ने सभी दोषियों को मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 40 लाख रुपए मुआवजा देने को कहा। यह मामला 2020 का है। छह साल तक सुनवाई चली। इस मामले में कुल 10 आरोपी थे। एक की कोविड के दौरान मौत हो गई।

दरअसल,19 जून 2020 को पुलिस ने मोबाइल कारोबारी पी. जयराज (59) और उनके बेटे जे. बेनिक्स (31) को हिरासत में लिया था। आरोप था कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखी थी। दोनों को सथानकुलम पुलिस स्टेशन ले जाया गया। वहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया, जहां कुछ ही दिनों में उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि दोनों के साथ थाने में रातभर मारपीट की गई। उनके शरीर पर गंभीर चोट और खून बहने के निशान थे। मद्रास हाईकोर्ट के निर्देश पर राज्य की सीबीआई को सौंपी गई थी।

## रायपुर पुलिस कमिश्नर ने 22 निरीक्षकों का किया तबादला




**रायपुर।** पुलिस कमिश्नर ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से बड़ा फेरबदल करते हुए 22 निरीक्षकों का तबादला किया है। जारी आदेश के मुताबिक सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

आदेश के अनुसार, आर.ए. केंद्र में पदस्थ जितेन्द्र जायसवाल को थाना खमतराई, अजय झा को तेलीबांधा और शक्ति सिंह को मौदहापारा भेजा गया है। वहीं, रितेश मिश्रा को आजाद चौक थाने की जिम्मेदारी दी गई है। टिकरापारा थाने में पदस्थ विनय सिंह बघेल को पुरानी बस्ती स्थानांतरित किया गया है, जबकि राजेश कुमार मर्दे को टिकरापारा थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह कबीर नगर से शिव नारायण सिंह को पंडरी थाना, गौतमचंद्र गवड़े को डीडी नगर, दीपेश कुमार सैनी को देवेंद्र नगर भेजा गया है। पंडरी थाना में पदस्थ स्वराज त्रिपाठी को गोलबाजार और आजाद चौक के अजीत सिंह राजपूत को सरस्वती नगर थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आर.ए. केंद्र से गगन बाजपेयी को कबीर नगर और अजरूद्दीन को राजेंद्र नगर थाना भेजा गया है।

## जग्गी हत्याकांड: 20 साल बाद अमित जोगी को उम्रकैद



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा कि जब सभी आरोपियों पर एक ही अपराध में शामिल होने का आरोप हो, तो किसी एक आरोपी के साथ जानबूझकर अलग व्यवहार नहीं किया जा सकता। अदालत ने यह भी कहा कि जब सभी आरोपियों के खिलाफएक जैसे सबूत हों, तो किसी एक को बरी कर देना और बाकी को उन्हीं सबूतों के आधार पर दोषी ठहराना सही नहीं है, जब तक कि उसे छोड़ने का कोई ठोस और अलग कारण साबित न हो। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविन्द वर्मा की स्पेशल डिविजनल बेंच ने फैसला सुनाया है।

अमित जोगी को धारा 302 और 120-बी के तहत दोषी ठहराते हुए उम्रकैद और 1000 रुपए जुर्माने की सजा दी गई। जुर्माना न देने पर 6 महीने अतिरिक्त सजा होगी। हाईकोर्ट ने अमित जोगी को 3 हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया है। इसके खिलाफजोगी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। सुप्रीम कोर्ट से अमित जोगी को फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है, हालांकि कोर्ट ने मामले को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है और 20 अप्रैल को इसकी सुनवाई होगी। जोगी की ओर से दो आदेशों को चुनौती दी गई है पहला, जिसमें ष्टक्क्ष को अपील करने की अनुमति दी गई और दूसरा, हाईकोर्ट का वह फैसला, जिसमें उन्हें हत्या का दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई। दोनों मामलों को सुप्रीम कोर्ट ने एक साथ सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। प्रारंभिक सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संजीव मेहता की बेंच में हुई। जोगी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, मुकुल रोहतगी, विवेक तन्खा और सिद्धार्थ दवे ने पक्ष रखा। वकीलों ने दलील दी कि हाईकोर्ट ने अपने फैसलों में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन नहीं किया और बिना सुनवाई का मौका दिए आदेश पारित कर दिए।

## बिना एड्रेस प्रूफ के मिलेगा 5 किलो वाला सिलेंडर




**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और सप्लाई चेन की दिक्कतों के बीच केंद्र सरकार ने 5 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की बिक्री के नियमों को आसान बना दिया है। अब कोई भी व्यक्ति बिना किसी एड्रेस प्रूफ के छोटा गैस सिलेंडर खरीद सकेगा। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, यह कदम प्रवासी मजदूरों और उन लोगों के लिए उठाया गया है, जिनके पास शहर में कोई स्थायी पता नहीं है। अब ग्राहकों को ऑथोराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाकर सिर्फ अपनी कोई भी एक फोटो-आईडी दिखानी होगी और वे तुरंत सिलेंडर ले सकेंगे।

मंत्रालय ने साफकिया है कि 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर के लिए अब बहुत सारे डॉक्यूमेंट्स की जरूरत नहीं है। ग्राहक आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी जैसे डॉक्यूमेंट दिखाकर सिलेंडर ले सकते हैं। आप साल में जितनी बार चाहें, उतनी बार इसे रिफिल करवा सकते हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव की वजह से एनर्जी लॉजिस्टिक्स पर असर पड़ा है। इसे देखते हुए सरकार ने छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाने का भी फैसला किया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 23 मार्च से अब तक लगभग 6.6 लाख छोटे सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। अकेले 4 अप्रैल को ही 90,000 यूनिट्स की बिक्री हुई। अधिकारियों का कहना है कि डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट्स पर स्टॉक की कोई कमी नहीं है। कामकाज के लिए दूसरे शहरों में रहने वाले लोगों की मदद के लिए सरकार ने चुनिंदा आउटलेट्स पर 11 विशेष हेल्प डेस्क बनाई हैं। ये डेस्क उपभोक्ताओं को नजदीकी डिस्ट्रीब्यूटर की जानकारी देंगे।

## नए राज्यसभा सदस्यों का शपथ ग्रहण 19 नेताओं ने संभाली जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को 19 नवनिर्वाचित और पुनर्निर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा सदस्यता की शपथ दिलाई। यह शपथ ग्रहण समारोह राज्यसभा कक्ष में आयोजित हुआ। शपथ लेने वालों में रामदास बंडु आठवले, माया चिंतामन इवनाते, शरदचंद्र पवार, रामराव सखाराम वाडकुटे, ज्योति नागनाथ वाघमारे, क्रिस्टोफर मनिकम, अंबुमणि रामदॉस, कॉन्स्टैंडाइन रवींद्रन, एल.के. सुधीश, एम. थंबीदुरई, तिरुचि शिवा, बाबुल सुप्रियो बराल, मेनका गुरुस्वामी, राजीव कुमार, रुक्मिणी मलिक, विश्वजीत सिन्हा, संतृप्त मिश्रा, दिलीप कुमार रे और मनमोहन सामल शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में सदस्यों ने विभिन्न भाषाओं में शपथ ली। तीन सदस्यों ने मराठी, दो ने हिंदी, छह ने तमिल, एक ने अंग्रेजी, चार ने बंगाली और तीन ने ओडिया भाषा में शपथ ली। नए सदस्यों में पांच महाराष्ट्र से, छह तमिलनाडु से, पांच पश्चिम बंगाल से और तीन ओडिशा से हैं। इस अवसर पर किरन रिजीजू, जुएल ओराम, राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी और राज्यसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ को जल्द मिलेगा स्थायी डीजीपी

- सुप्रीम कोर्ट और यूपीएससी से नोटिस की समय-सीमा खत्म



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जल्द ही पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति हो सकती है। रेस में प्रभारी डीजीपी अरुणदेव गौतम और आईपीएस हिमांशु गुप्ता के नाम शामिल है। हालांकि, अरुण देव गौतम का पलड़ा भारी है। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती और संघ लोक सेवा आयोग के नोटिस की समय-सीमा खत्म हो चुकी है। दरअसल, यूपीएससी ने राज्य सरकार से पूछा था कि अब तक पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति क्यों नहीं की गई। ऐसे में सरकार अब जल्द फैसला ले सकती है। ठ्यूपीएससी ने 3 जुलाई 2018 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए राज्य सरकार को नोटिस देकर जवाब मांगा था, जिसमें स्पष्ट किया गया था कि किसी भी राज्य में 'प्रभारी' डीजीपी की नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि 13 मई 2025 को यूपीएससी ने 2 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों अरुण देव गौतम (1992 बैच) और हिमांशु गुप्ता (1994 बैच) का पैनल राज्य सरकार को भेजा था। सामान्यत: 3 नामों का पैनल भेजा जाता है, लेकिन इस बार विकल्प सीमित होने के कारण 2 ही नाम शामिल किए गए। छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा के 4 फरवरी 2025 को रिटायर होने के बाद सरकार ने अरुण देव गौतम को प्रभारी डीजीपी बनाया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के 'प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार' मामले में स्पष्ट निर्देश हैं कि डीजीपी की नियुक्ति नियमित और तय प्रक्रिया के तहत होनी चाहिए। 5 फरवरी 2026 को 'टी. धंगोपल राव बनाम यूपीएससी' मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा था कि, नियुक्ति में देरी होने पर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

# जवाहर नगर में पेवर ब्लाक निर्माण की गुणवत्ता पर सख्त हुई महापौर अलका बाघमार

**मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण, मानकों से समझौता नहीं,स्पष्ट निर्देश,**

**गड़बड़ी मिलने पर कार्य उखाड़कर दोबारा कराने और ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी,**

**लोक कर्म प्रभारी ने टेप लेकर की नापजोख, गुणवत्ता की बारीकी से जांच,**

**अधिकारियों और ठेकेदारों को दी सख्त हिदायत,मजबूत और टिकाऊ निर्माण ही स्वीकार्य,**

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पटरी पार वार्ड क्रमांक 18, जवाहर नगर में प्रगति पर चल रहे सड़क पेवर ब्लाक निर्माण कार्य का आज महापौर अलका बाघमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, उप अभियंता पंकज साहू सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

महापौर ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता, पेवर ब्लाक की मोटाई, बेस लेयर की मजबूती तथा उपयोग में लाई जा रही सामग्री का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य स्थल पर ही अधिकारियों से जानकारी लेते हुए स्पष्ट कहा कि शहर में चल रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



निरीक्षण के दौरान महापौर ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी कार्य में मानक के अनुरूप गुणवत्ता नहीं पाई जाती है, तो संबंधित निर्माण कार्य को तत्काल उखड़वाकर पुनः कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो ठेकेदार निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करेंगे या घटिया कार्य करेंगे, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

महापौर की उपस्थिति में लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने स्वयं टेप लेकर सड़क की लंबाई, चौड़ाई एवं पेवर ब्लाक की मोटाई की नापजोख की। इस दौरान कार्य की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया गया और गुणवत्ता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पेवर ब्लाक का निर्माण कार्य पूरी मजबूती और निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप किया जाए, ताकि यह लंबे समय तक टिकाऊ रहे और आम नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की घटिया सामग्री या कम मोटाई पाए जाने पर संबंधित एजेंसी रोहित कुमार गुप्ता,दुर्ग ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने यह भी कहा कि नगर निगम क्षेत्र में चल रहे सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और जहां भी कमी पाई जाएगी, वहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उनका उद्देश्य है कि शहर के नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि वे निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करें और कार्य पूर्ण होने तक गुणवत्ता सुनिश्चित करें।जनसंपर्क/राजू बक्शी

## देवभोग मिल्क पार्लरों पर निगम कार्रवाई से संघ में आक्रोश



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश देवभोग मिल्क पार्लर संघ ने नगर पालिक निगम की अतिक्रमण के नाम पर देवभोग पार्लरों के खिलाफकी जा रही कार्रवाई का कड़ा विरोध जताया है। सोमवार को संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जोन क्रमांक 10 के कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई रोकने और अमर्यादित व्यवहार करने वाले कर्मचारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की। अतिक्रमण का आरोपः संघ ने कहा कि 'देवभोग' छत्तीसगढ़ शासन का प्रतिष्ठित उपक्रम है। इसे अतिक्रमण के तहत हटाना हजारों युवाओं के स्वरोजगार और शहर की दुग्ध आपूर्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।कर्मचारी की अभद्रताः ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि जोन क्रमांक 10 के कर्मचारी श्री योगेश यदु ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष के साथ अभद्र व्यवहार किया। संघ ने सार्वजनिक माफी की मांग की है।

महापौर की अनुपस्थितिः महापौर श्रीमती मीनल चौबे के शहर से बाहर होने के कारण, संघ ने उनके नाम भी ज्ञापन भेजकर नगर निगम में स्पष्ट 'व्यवस्थापन नीति' बनाने की अपील की। जिला अध्यक्ष योगेश साहू ने कहा, ÷यदि निगम ने कार्रवाई नहीं रोकी और दोषी कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं की, तो हम पूरे शहर की दुग्ध आपूर्ति ठप करने और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। देवभोग छत्तीसगढ़ शासन का ब्रांड है; इसे हटाने के बजाय निगम को संचालन की नीति बनानी चाहिए। कर्मचारियों का बदसलूकी भरा रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सीजीपीएससी की परीक्षा को लेकर आयोग और सरकार गंभीर नहीं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सीजीपीएससी परीक्षा को लेकर सरकार और आयोग गंभीर नहीं है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि चुनाव के समय राज्य लोकसेवा आयोग (क्क्रस्ष्ट) की परीक्षा को संघ लोकसेवा आयोग (क्क्रस्ष्ट) की तर्ज पर कराने का दावा करने वाली भाजपा सरकार राज्य लोकसेवा आयोग की परीक्षा की समय सारणी व्यवस्थित नहीं बनावा पा रही है। परीक्षार्थियों को प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा में मात्र 51 दिन का ही अंतराल दिया गया है जबकि पिछले वर्ष यह 104 दिन का था। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष राज्य सेवा परीक्षा के प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम 25 मार्च 2026 को जारी किया गया और मुख्य परीक्षा 16, 17, 18, 19 मई 2026 को आयोजित की जाने वाली है तो क्या वजह की अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए इतना कम समय मात्र 51 दिन का समय दिया गया है ।

## भाजपा स्थापना दिवस पर एनजीओ प्रकोष्ठ का नेत्र जाँच शिविर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर सोमवार को एनजीओ प्रकोष्ठ द्वारा नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से पार्टी ने जनकल्याण के अपने संकल्प को दोहराया। इस विशेष शिविर में छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल और वरिष्ठ नेता अशोक बजाज सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**भाजपा स्थापना दिवस का महत्व :-** मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस न केवल पार्टी के गौरवशाली इतिहास को याद करने का दिन है, बल्कि राष्ट्र सेवा के प्रति पुनः समर्पित होने का संकल्प दिवस भी है।

आज के दिन भाजपा कार्यकर्ता देशभर में सेवा और समर्पण के कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन की सेवा में जुटे हैं। एनजीओ प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित यह नेत्र शिविर इसी विचारधारा का प्रतीक है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने के लक्ष्य को दर्शाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, शिविरार्थी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिलाओं के मोबाईल में बजी खुशियों की घंटी

**महतारी वंदन की 26वीं किश्त जारी**

**68.48 लाख महिलाओं के खाते में ट्रांसफर हुए 641.62 करोड़ रूपएहितग्राही महिलाओं को अब तक 16,240 करोड़ की मदद**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए संचालित महतारी वंदन योजना की 26वीं किश्त की राशि आज जारी की गई। इसके जारी होते ही हितग्राही महिलाओं के मोबाईल में खुशियों के नोटिफिक्रेशन की घंटी बज उठी। इस योजना के तहत राज्य की 68 लाख 48 हजार 899 महिलाओं को 641 करोड़ 62 लाख 92 हजार रूपए उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए। लाभान्वित हितग्राहियों में 7773 महिलाएं नियद नेल्ला नार के योजना के गांवों की रहने वाली है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी जी की गारंटी को पूरा करने के लिए और महिलाओं की बेहतरी के लिए यह योजना मार्च 2024 में शुरू की गई थी। तब से लेकर अब तक हर महीने हितग्राही महिलाओं को एक-एक हजार रूपए की सहायता राशि नियमित रूप से दी जा रही है। इस योजना के तहत अब तक हितग्राही महिलाओं को 16,881 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। गौरतलब है कि इस योजना के अंतर्गत हितग्राही महिलाओं के केवाईसी पूरा किए जाने का काम भी तेजी से कराया जा रहा है। केवाईसी के अद्यतन की यह प्रक्रिया ई-गवर्नेंस सर्विसेस इंडिया लिमिटेड के माध्यम से 3 अप्रैल से शुरू की गई है, जो 30 जून तक चलेगी। व्हीएलई द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत भवन में तथा शहरी क्षेत्र में वार्ड कार्यालय में केवाईसी अद्यतन का कार्य हो रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने महतारी वंदन योजना की ऐसी हितग्राही महिलाओं से जिनका ई-केवाईसी नहीं हुआ है, उनसे तत्काल ई-केवाईसी कराने की अपील की है ताकि योजना की सहायता राशि बिना किसी व्यवधान के उनके खाते में पहुंच सके।

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की संख्या 68,94,633 है, जिसमें से केवाईसी हेतु लंबित हितग्राहियों को छोड़कर 68,48,899 हितग्राहियों को 26वीं किश्त का भुगतान किया गया है।

# धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के पारित होने पर आभार एवं समर्थन : पुरुषोत्तम

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 के पारित होने पर आभार एवं समर्थन करते हुए प्रेस क्लब रायपुर के पत्रकार वार्ता में चर्चा करते हुए डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि हमारा समाज सदैव से भारतीय संस्कृति परंपराओं और सामाजिक समरसता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। छत्तीसगढ़ की पहचान उनकी विविधता, परंपराओं और सामाजिक जीवन- शैली से जुड़ी हुई है, जहां आस्था केवल व्यक्तिगत विषय नहीं बल्कि सामाजिक संरचना का अभिन्न अंग होती है।

लेकिन पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे प्रकरण सामने आए हैं जहां धर्मांतरण से जुड़े विवादों ने सामाजिक तनाव और विभाजन की स्थिति उत्पन्न की है अनेक मामलों में यह चिंता व्यक्त की गई कि आस्था परिवर्तन स्वैक्षिक न होकर प्रलोभन, दबाव या अनुचित प्रभाव के माध्यम से किया गया, जिसमें समाज के भीतर संतुलन और सांस्कृतिक विघटन की स्थिति बनी।

ऐसी परिस्थितियों में यह आवश्यक था कि धर्म परिवर्तन से जुड़े विषयों को स्पष्ट विधिक ढांचे में लाया जाए, ताकि वास्तविक धार्मिक स्वातंत्रता सुरक्षित रह सके और उसके दुरुपयोग की संभावनाओं को रोका जा सके।

डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि हमने सामाजिक स्तर पर भी इसकी मांग की थी। अब जब हमारे सामने छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026, आया है, तब यही कहा जा सकता है कि इस विधेयक का पारित होना एक



महत्वपूर्ण पहल है, जो धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया को पारदर्शी और उत्तरदाई बनाता है। इसमें बल, प्रलोभन या अनुचित प्रभाव के माध्यम से किए गए धर्मांतरण को अवैध मानते हुए दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं, जो समाज के कमजोर वर्गों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक है।

हमारा यह मानना है कि यह विधेयक किसी भी धर्म या आस्था के विरोध में नहीं है बल्कि यह सुनिश्चित करता है की आस्था का चयन पूर्णतः स्वतंत्र, स्वैच्छिक और निष्पक्ष हो।

यही कहना है कि हमारा समाज इस विधेयक के पारित होने का न सिर्फसमर्थन करता है बल्कि यह भी आशा करता है कि इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक संतुलन और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ किया जा सकेगा।

अंत में हम सभी नागरिकों से भी यह अपेक्षा करते हैं कि वे समाज में आपसी सम्मान, संवाद और शांति बनाए रखते हुए इस अधिनियम की भावना के अनुरूप कार्य करेंगे। प्रेस वार्ता में डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर, मा. खोड्स राम कश्यप, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, तिरेला कुर्मी समाज के अध्यक्ष ललित कांकडे, सुनील नायक उपस्थित रहे। डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि पिछले कई दशकों से हमारा समाज छत्तीसगढ़ की सामाजिक संरचना, परंपराओं और सामाजिक जीवन के साथ प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा रहा है। हमारे बुजुर्गों ने जिस सामाजिक संतुलन और सांस्कृतिक निरंतरता को सहेज कर रखा, वह केवल परंपरा का विषय नहीं बल्कि समाज की स्थिरता का आधार रहा है।

इसी अनुभव के आधार पर हम यह कहना आवश्यक समझते हैं कि धर्मांतरण का प्रश्न केवल व्यक्तिगत आस्था तक सीमित नहीं रहा है। विशेष कर ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में, जहां जीवन सामाजिक आधार पर संचालित होता है, वहां किसी एक व्यक्ति की आस्था में परिवर्तन कई बार पूरे सामाजिक ढांचे में दरार पैदा करता है। हमारे समाज के अनेक क्षेत्रों में यह अनुभव सामने आया है कि जब धर्मांतरण स्वाभाविक संवाद और व्यक्तिगत विचार का परिणाम न होकर प्रलोभन, सामाजिक दबाव या परिस्थितियों के प्रभाव में होता है, तब यह केवल धार्मिक परिवर्तन नहीं रहता, बल्कि वह परिवारों के भीतर विभाजन और सामाजों और समाजों के बीच अविश्वास को जन्म देता है।

## संवेदनशील पहल से सशक्त हो रहा स्वास्थ्य तंत्र, जरूरतमंदों के जीवन में आई नई उम्मीद




**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर के जिला अस्पताल में आज भारतीय स्टेट बैंक (स्बद्ध) द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्ट्स्क्र) के अंतर्गत आयोजित चिकित्सा उपकरण वितरण कार्यक्रम में उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा जी ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी के साथ गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।इस अवसर पर जरूरतमंद मरीजों को वॉकर, व्हीलचेयर एवं अन्य आवश्यक चिकित्सा उपकरण वितरित किए गए। यह पहल उन लोगों के लिए सहारा बनी, जो स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच जीवन को सहज बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा जी ने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब विकास की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने इस पहल को ÷सेवा और संवेदना का सशक्त उदाहरण÷ बताते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ केवल संसाधनों का वितरण नहीं, बल्कि विश्वास, सहानुभूति और मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करने का माध्यम हैं।

## जलभराव की समस्या को निगम प्रशासन ने तत्काल किया समाधान



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के वैशाली नगर जोन-2 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 16 के सुपेला बाजार क्षेत्र में जल आपूर्ति पाइप लाइन की टेस्टिंग के दौरान अचानक बड़ा लीकेज होने से इलाके में जलभराव की स्थिति बन गई।प्राप्त सूचना के अनुसार सुपेला रावण भाटा, शीतला तालाब के समीप एवं हार्डवेयर लाइन क्षेत्र में पाइप लाइन से भारी मात्रा में पानी बहने लगा। एक ही समय में अत्यधिक पानी नालियों में जाने से लक्ष्मी नगर के पास शीतला तालाब मार्ग की पुलिया जाम हो गई। पुलिया में पेयजल की तीन बड़ी पाइप लाइनें गुजरती हैं, जिनमें प्लास्टिक झिल्ली और कचरा फंस जाने से पानी का बहाव रुक गया। इसके चलते सड़क पर पानी जमा हो गया और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जलभराव की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम भिलाई की टीम तत्काल मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों ने बांस की सहायता से जाम पुलिया को खोला और उसमें फंसे कचरे बाहर निकाले। इसके बाद जल निकासी की व्यवस्था सुचारु की गई। साथ ही सड़क पर फैले कीचड़ और कचरे को साफ कर संक्रमण से बचाव के लिए चूना पाउडर का छिड़काव भी किया गया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई और क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल हो।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

पत्र क्रं./30005/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 06-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 30005**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220J00584** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PARMANAND JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री नटवर लाल जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. श्री परमानंद जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत वसीयतनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./29927/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 06-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29927**
**वार्ड का नाम- 15 ने. कन्हैयालाल बाजारी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L489EP** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ADHARSHILA DEVELOPERS PARTNER FIRM MANJIT KAUR CHAWLA W/O AJINDER SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O AJINDER SINGH,** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PRIYANKA SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **D/O SANTOSH KUMAR SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./29953/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 06-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29953**
**वार्ड का नाम-39- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 39 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR560D00037** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PUSHPA MAKHIJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. VIJAY MAKHIJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHITAL GUJRATI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AJAY GUJRATI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./29954/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 06-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29954**
**वार्ड का नाम-39- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 39 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR759A00090** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **JAYKARAN GADEWAL , ASHARAM GADEWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती ...... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BHARAT GADHEWAL S/O LATE JAYKARAN GADHEWAL 2. LAXMAN GADHEWAL S/O LATE. JAYKARAN GADHEWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./29974/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 06-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29974**
**वार्ड का नाम-39- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 39 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569L00239** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **AMITESH DUBEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **H. C. DUBEY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **TRIVENI VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GOPAL VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /29967/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 03-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29967**
**वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801L01757** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRAKASH CHAND TIWARI S/O NANDLAL TIWARI . NANDLAL TIWARI S/O LT.RAM DULARE** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PRAKASH CHAND TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. SHRI NANDLAL TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
दैनिक
विश्व परिवार


# कलेक्टर ने ली समय-सीमा बैठक: शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और पोषण योजनाओं की समीक्षा





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** सूरजपुर कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले के विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, खाद्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) सहित अन्य विभागों के कार्यों की स्थिति पर गंभीरता से चर्चा की गई।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी विकासखंडों में स्कूल संचालन, छात्रावास व्यवस्था एवं शिक्षा की गुणवत्ता की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने इस सत्र में विद्यालयों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के समय पर संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पोषण आहार निर्माण एवं वितरण की व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा कुपोषण मुक्ति की दिशा में प्रभावी कार्यवाही करने पर बल दिया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन कार्ड निर्माण की प्रगति की जानकारी ली तथा स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने किसानों को तिलहन एवं दलहन फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने, कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा किसानों को समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

बैठक में सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य, सीसी रोड निर्माण की गुणवत्ता सुधार, नेशनल हाईवे निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। साथ ही सियानगुड़ी निर्माण, पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली गई।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विजेंद्र सिंह पाटले, डीएफओ श्री डी पी साहू, अपर कलेक्टर श्री जगन्नाथ वर्मा, सर्व एस डी एम, सभी जिलास्तरीय अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश पुलिस की हुई बॉर्डर मीटिंग

## सीमावर्ती इलाके में आपराधिक गतिविधियों पर एक दुसरे का सहयोग करने बनी रणनीति




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** आईजी सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा एवं डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने अंतराज्जीय सीमावर्ती थाना की पुलिस के साथ अपराधियों की धरपकड़ के लिए जॉइंट ऑपरेशन चलाने, किसी अपराध के बाद बार्डर क्षेत्र में ठोस नाकाबंदी कराने, आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आदतन अपराधियों की जानकारी साझा करने एवं अपराधी तक पहुंचने के लिए बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य करने के लिए बार्डर मीटिंग करने के निर्देश दिए थे।

निर्देश के परिपालन में छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के थाना चांदनी और मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के थाना बैढ़न पुलिस की बार्डर मीटिंग रविवार, 05 अप्रैल 2026 को थाना कोतवाली बैढ़न में आयोजित हुई। इस मीटिंग में अंतरराज्यीय अपराधियों को पकड़ने में एक-दूसरे की मदद करने पर जोर दिया गया। तीन घंटे चली बैठक में वॉट्सएप ग्रुप बनाकर सूचनाओं का आदान-प्रदान करने पर सहमति बनी। बैठक में रणनीति के तहत सीमावर्ती थाना क्षेत्र में गश्त की जाएगी, आपराधिक गतिविधियों, अवैध सामग्री के परिवहन, पशु तस्करी पर अंकुश लगाने एवं कानून व्यवस्था के लिए जरूरी कदम उठाने, अपराधी तक पहुंचने के लिए सीमावर्ती क्षेत्र में बेहतर समन्वय के लिए भी कार्ययोजना बनाई गई। बैठक में थाना प्रभारी चांदनी राम प्रताप साहू, थाना बैढ़न के एसआई विनोद सिंह सहित दोनों ओर के अन्य पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बिलासपुर में शोभायात्रा के दौरान चाकूबाजी: 3 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** हनुमान जयंती के अवसर पर निकली शोभायात्रा के दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बिलासपुर के तोरवा थाना क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।क्या है पूरा मामला2 अप्रैल को शहर में हनुमान जयंती पर विभिन्न स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली जा रही थीं। इसी दौरान चांटीडीह निवासी सन्नी श्रीवास अपने साथी सूरज साहू के साथ पेंडलवार अस्पताल के पास रैली देख रहे थे।

इसी बीच दयालबंद निवासी प्रियांशु बोले अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा। साइड हटने को लेकर शुरू हुई कहासुनी जल्द ही गाली-गलौच और मारपीट में बदल गई।आरोप है कि विवाद के दौरान प्रियांशु बोले ने चाकू निकालकर सूरज साहू के पेट में वार कर दिया। घायल युवक को तुरंत सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

पुलिस की कार्रवाईघटना के बाद तोरवा थाना में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपते फिर रहे थे, लेकिन पुलिस ने साइबर सेल की मदद से लोकेशन ट्रैक कर 5 अप्रैल को कोतवाली क्षेत्र से तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में— प्रियांशु बोले (25 वर्ष) ओम बोले (23 वर्ष) राघवेन्द्र राव उर्फ सुरेश (26 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया धारदार चाकू भी बरामद किया है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने Q1 (जनवरी-मार्च) 2026 में अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री दर्ज

स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2026 में भी अपनी मजबूत विकास गति को जारी रखते हुए त्त्1 (जनवरी-मार्च) में 20,028 यूनिट्स की बिक्री के साथ अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री दर्ज की है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में बेची गई 17,138 कारों की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 2025 के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी विकास गति को बनाए रखा है और लगातार नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है, जिससे भारतीय बाजार में इसकी पकड़ और मजबूत हो रही है। स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रदर्शन को स्कोडा काइलैक की मजबूत और लगातार मांग ने प्रमुख रूप से आगे बढ़ाया है, जिसने हाल ही में 50,000 बिक्री का आंकड़ा पार किया है। इसके साथ ही नए स्कोडा कुशाक की शुरुआत, स्कोडा स्लाविया का स्थिर योगदान, और प्रीमियम SUV सेगमेंट में स्कोडा कोडिएक की निरंतर मांग ने भी इस वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, आशीष गुप्ता, ब्रांड डायरेक्टर, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कहा, 2026 में अपनी अब तक की सबसे बड़ी तिमाही के साथ विकास की इस तेज़ रफ्तार को जारी रखना पिछले एक वर्ष में बनाए गए हमारे मजबूत आधार का प्रमाण है। 2025 में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल करने के बाद, यह देखना उत्साहजनक है कि हम इस गति को बनाए रखते हुए लगातार नए मानक भी स्थापित कर रहे हैं। यह वृद्धि हमारे मजबूत और अधिक सुलभ प्रोडक्ट पोर्टफोलियो, व्यापक बाज़ार पहुंच और ग्राहक-केंद्रित पहलों पर बढ़ते फोकस का परिणाम है। स्कोडा काइलैक लगातार नए ग्राहकों और नए क्षेत्रों तक ब्रांड की पहुंच बढ़ा रही है, वहीं हाल ही में लॉन्च की गई स्कोडा कुशाक ने भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इसके साथ ही स्कोडा स्लाविया और स्कोडा कोडिएक अपने-अपने सेगमेंट में स्थिर मांग बनाए हुए हैं।

# राष्ट्रीय स्तर पर सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन हुआ सम्मानित






## समाज सेवी विजयराज अग्रवाल ने श्रेष्ठ एन.जी.ओ का पुरस्कार ग्रहण किया

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)** इम्पैक्ट इंडिया समिट 2026 में राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ एन.जी.ओ. के रुप में संस्था सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन को सम्मानित किया गया। इम्पैक्ट इंडिया समिट 2026 का आयोजन इन्दौर में किया गया। इस कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही 100 से अधिक एन.जी.ओ. को श्रेष्ठ एन.जी.ओ. के रुप में सम्मानित किया गया। आयोजित समारोह में पद्म श्री से सम्मानित और लोकप्रिय हिन्दी क्रिकेट कमेंटेटर सुशील दोशी के द्वारा ये सम्मान प्रदान किया गया। संस्था सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने संस्था की ओर से ये सम्मान ग्रहण किया। संस्था के संस्थापक और वर्तमान अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल के कुशल नेतृत्व और सामाजिक सेवा गतिविधियों के प्रति समर्पण ने ही संस्था को राष्ट्रीय स्तर पर ये ये पहचान दिलाई है। विजयराज अग्रवाल ने इस उपलब्धि का श्रेय टीम वर्क को दिया है, उन्होने संस्था के अधिकारियों और कर्मचारियों की एकजूटता और सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए इस सम्मान को सामूहिक समन्वय का नाम दिया है। विजयराज अग्रवाल ने बताया कि संस्था सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन की स्थापना 8 फरवरी 1987 को हुई थी और संस्था निरन्तर सामाजिक सेवा कार्यों और गतिविधियों को क्रियान्वित करती रही रही है। संस्था के द्वारा गत् 31 वर्षों से नि:शुल्क आवासीय श्रवणबाधित विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। संस्था के द्वारा कन्या स्नात्तक महाविद्यालय, नर्सिंग कालेज, फर्मेसी कालेज एवं चिल्ड्रन प्राइमरी स्कुल का संचालन किया जा रहा है। संस्था अपने उद्देश्यों के तहत् महिलाओं, बुजुर्गो, दिव्यांगो और समाज के सभी दलित शोषित वर्ग के उत्थान के लिये निरन्तर कार्य कर रही है।

# श्रमिक संगठन बीएमएस की बैठक में इंटक के कद्दावर नेता फिरोज खान बीएमएस हुए शामिल



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** एस ई सी एल भटगांव क्षेत्र के कोयलांचल की श्रमिक राजनीति में रविवार को उस समय बड़ा भूचाल आ गया, जब क्षेत्र के कद्दावर श्रमिक नेता और क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य फिरोज खान ने अपने पुराने संगठन इंटक को अलविदा कहते हुए भारतीय कोयला खान मजदूर संघ ( बी एम एस) की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस फेरबदल को आगामी सदस्यता सत्यापन और यूनियन चुनावों से पहले एक 'सर्जिकल स्ट्राइक' के रूप में देखा जा रहा है।

**शानदार स्वागत और एकजुटता का प्रदर्शन-** भटगांव स्थित बीकेकेएमएस के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित इस बैठक ह में संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों ने युवाओं एवं श्रमिकों में लोकप्रिय फिरोज खान का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीकेकेएमएस के केंद्रीय महामंत्री सुजीत सिंह, कम्पनी महामंत्री शिव कुमार दुबे, कंपनी सुरक्षा समिति के सदस्य संजय सिंह, और अध्यक्ष संतोष तिवारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

बी के के एम एस कि सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात श्रमिक नेता फिरोज खान ने दैनिक विश्व परिवार को बताया कि भारतीय मजदूर संघ की राष्ट्रहित, उद्योग हित और फिर श्रमिक हित की विचारधारा ने उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, वर्तमान में श्रमिक केवल उसी संगठन पर भरोसा कर रहे हैं जो धरातल पर उनके अधिकारों के लिए लड़ रहा है। बीएमएस की कार्यशैली में पारदर्शिता है और यही कारण है कि आज मैं इस परिवार का हिस्सा बना हूँ। बहरहाल फिरोज खान का इंटक जैसे पुराने संगठन को छोड़ना भटगांव क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारों का कहना है कि श्री खान की क्षेत्र के श्रमिकों, विशेषकर युवाओं और पुराने खनिकों के बीच गहरी पैठ है। उनके इस कदम से बीएमएस को बड़ा सांगठनिक माइलेज मिलना तय है। उल्लेखनीय है किविगत कुछ वर्षों से भटगांव क्षेत्र में बीएमएस लगातार अपना विस्तार कर रहा है। संगठन के पदाधिकारियों का दावा है कि इस बार सदस्यता सत्यापन के दौरान बीएमएस न केवल अपनी बढ़त बनाए रखेगा, बल्कि भटगांव क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी बादशाहत कायम करेगा।

यहां यह भी बताना आवश्यक है कि फिरोज खान के आने से इंटक के वोट बैंक में बड़ी सेंध लग सकती है।बीएमएस का मुख्य लक्ष्य आगामी 'चेक-ऑफ' सिस्टम में सर्वाधिक मत प्राप्त करना है।भटगांव क्षेत्र की सभी यूनिटों के पदाधिकारियों की उपस्थिति ने विरोधी खेमे को कड़ा संदेश दिया है। महामंत्री सुजीत सिंह और शिव कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से कहा कि फिरोज खान जैसे अनुभवी नेता के आगमन से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बीएमएस केवल चुनाव तक सीमित रहने वाला संगठन नहीं है, बल्कि हम 365 दिन खदानों के भीतर और बाहर श्रमिकों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।

कार्यक्रम का संचालन उप महामंत्री दिलीप मंडल ने किया। इस अवसर पर मंत्री पवन वर्मा, राकेश श्रीवास्तव, राजेन्द्र सिंह, जगरनाथ पांडेय, अशोक गुप्ता और कमल सक्सेना समेत भटगांव क्षेत्र के सभी यूनिटों के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर शक्ति प्रदर्शन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री रामलला दर्शन योजना - 21 से 24 अप्रैल की यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) के अंतर्गत 18 से 75 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक हितग्राहियों (शासकीय सेवकों को छोड़कर) के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत 21 से 24 अप्रैल तक प्रस्तावित यात्रा का लाभ लेने के लिए 07 दिन पूर्व अपने नजदीकी जनपद पंचायत या नगर पंचायत में चिकित्सा प्रमाण पत्र सहित निर्धारित आवेदन पत्र में आवेदन कर सकतें है।

### सूरजपुर में मुख्यालय में 10 अप्रैल को लगेगा रोजगार मेला, 346 पदों पर होगी भर्ती

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**-जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, सूरजपुर द्वारा आगामी दिनांक 10 अप्रैल 2026, दिन शुक्रवार को शासकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज, सूरजपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक आयोजित होगा।

इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित नियोजक संस्थाओं द्वारा कुल 346 रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी। मेले में सम्मिलित प्रमुख नियोजक संस्थाएं एवं उपलब्ध पद निम्नानुसार हैं —

सेफ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विस, भिलाई द्वारा सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, ट्रेनिंग ऑफिसर, मार्केटिंग मैनेजर एवं अकाउंटेंट पदों पर कुल 53 अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी, जिनकी तैनाती छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में होगी। सीजी स्कोप स्किल फाउंडेशन, सूरजपुर द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर, रिसेप्शनिस्ट, कुक, वेट्रेस, सिक्योरिटी गार्ड एवं मास्टर ट्रेनर के 28 पदों पर स्थानीय भर्ती होगी। स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा.लि., अंबिकापुर द्वारा फील्ड ऑफिसर एवं कलेक्शन ऑफिसर के 15 पद, श्रमिन टैलेंट प्रा.लि., नोएडा द्वारा इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन के 40 पद, तथा वेदांता स्किल स्कूल, कोरबा द्वारा होटल मैनेजमेंट, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, सिलाई मशीन ऑपरेटर एवं मोबाइल रिपेयरिंग टेक्नीशियन जैसे विभिन्न ट्रेडों में 120 पद उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त एलआईसी, अंबिकापुर द्वारा बीमा सखी के 40 पद तथा एबिस फूड्स एंड प्रोटीन्स प्रा.लि., राजनांदगांव द्वारा इलेक्ट्रीशियन अपरेंटिसशिप के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी।

**आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेज-** रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को रोजगार विभाग के पोर्टल https://erojgar.cg.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य है। केवल ऑनलाइन पंजीकृत अभ्यर्थी ही प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकेंगे। अभ्यर्थी अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंक सूची, निवास, जाति प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड की मूल प्रति एवं एक सेट छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज की दो फोटो साथ लेकर आएं। आयु सीमा सामान्यतः 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन पूर्णतः नि:शुल्क है तथा प्लेसमेंट प्रक्रिया में नियोजक स्वयं जिम्मेदार होंगे। पंजीयन संबंधी किसी भी समस्या के लिए अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, सूरजपुर में संपर्क कर सकते हैं।

### रात के सन्नाटे में तीन घर साफ

**राजनांदगांव।** एक ही रात में तीन बड़ी चोरियों से दहशत फैलाने वाला अंतर्राज्यीय शेट्टी गैंग आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गया है, 14 मार्च 2026 की रात करीब 3 बजे जीवन-ए कॉलोनी में जब लोग गहरी नींद में थे तब 3-4 बदमाशों ने एक घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसते हुए महिला को डराया और आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए, इसी के साथ लक्ष्मीनगर और बी कॉलोनी में भी ताला तोड़कर चोरी की वारदातें की गईं, लगातार हुई इन घटनाओं ने पुलिस के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी, थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 127/26, 128/26 और 130/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 331(4), 305, 3(5) और 303(3) में मामले दर्ज कर जांच शुरू की गई, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में साइबर सेल और थाना बसंतपुर की संयुक्त टीम बनाई गई, टीम ने शहरभर के 100 से ज्यादा ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों के फुटेज खंगाले, हर मूवमेंट को ट्रैक किया और तकनीकी विश्लेषण के जरिए आरोपियों की लोकेशन दुर्ग, भिलाई, रायपुर होते हुए बिलासपुर और फिर हैदराबाद तक पहुंच गई, इसके बाद पुलिस टीम सीधे हैदराबाद पहुंची और दो दिन तक लगातार निगरानी और दबिश के बाद तीन आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया, पकड़े गए आरोपियों की पहचान शशी कुमार उम्र 23 वर्ष, सेट्टी विजय उम्र 45 वर्ष और सेट्टी सूर्या उम्र 31 वर्ष के रूप में हुई, पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया

# संपादकीय

## श्रमिक हितों का ख्याल

इस दलील में दम है कि श्रम अधिकारों का मामला राजनीतिक दायरे में आता है, जिस बारे में निर्णय संसद या सरकार को ही लेना चाहिए। मगर जहां मुद्दा संवैधानिक अधिकारों से जुड़ता हो, वहां कोर्ट की भूमिका बन जाती है। किन गतिविधियों को उद्योग माना जाए, यह तय करने की जिम्मेदारी फिर सुप्रीम कोर्ट ने अपने हाथ में ली है। मगर केंद्र ने उससे सहमत नहीं है। 1978 में उद्योग की परिभाषा सर्वोच्च न्यायालय की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने तय की थी। अब उस पर पुनर्विचार करने के लिए कोर्ट ने नौ जजों की बेंच बनाई है। उसके सामने अपना पक्ष रखते हुए केंद्र ने कहा कि कोर्ट को इस मामले में दखल नहीं देना चाहिए। केंद्र चाहता है कि सरकारी एवं समाज कल्याण से जुड़े कार्यों को औद्योगिक गतिविधि ना माना जाए। यह तर्क मंजूर होने का मतलब होगा कि इन क्षेत्रों में कार्यरत कर्मी श्रम कानूनों/ संहिताओं के तहत मिले अधिकार/ लाभ से वंचित हो जाएंगे। जाहिर है, इस प्रकरण का संबंध श्रमिकों से भी है। इसलिए इस मामले में उनका पक्ष भी महत्त्वपूर्ण होगा। इस दलील में दम है कि श्रम अधिकारों से संबंधित पहलू राजनीतिक दायरे का हिस्सा हैं, जिनके बारे में निर्णय संसद या सरकार को ही लेना चाहिए। मगर जहां मुद्दा संवैधानिक अधिकारों से जुड़ता हो, वहां कोर्ट की भूमिका बन जाती है। इसीलिए 1978 बैंगलोर जल आपूर्ति विभाग से जुड़े मामले में निर्णय तक पहुंचने के लिए सुप्रीम कोर्ट को संविधान पीठ का गठन करना पड़ा था। 2005 में उत्तर प्रदेश सरकार बनाम जयवीर सिंह मामले में ये विवाद फिर उठा, जो अब तक लंबित है। उसी सिलसिले में अब कोर्ट नौ जजों की बेंच बनाई गई है। 1978 में कोर्ट ने कहा था कि कोई संगठन उद्योग की श्रेणी में आता है या नहीं, यह तय करने की कसौटी यह नहीं हो सकती कि मुनाफा कमाना उसका मकसद है या नहीं। इसके लिए कोर्ट ने तीन पैमाने तय किए: व्यवस्थित गतिविधि, प्रबंधन एवं श्रमिकों के बीच सहयोग, और वस्तु एवं सेवाओं का उत्पादन अथवा वितरण। इस तरह चैरिटी, सामाजिक कार्य एवं कल्याण कार्यों से जुड़े संगठन भी उद्योग के दायरे में आ गए। ये फैसला उस दौर में आया, जब वैचारिक दायरे में श्रमिकों के हित सर्वोपरि माने जाते थे। आज माहौल बदल चुका है। फिर भी श्रमिक हितों का ख्याल किया जाना चाहिए।

# बच्चों की जिंदगियां बेतरतीब करते स्मार्टफोन

डॉ देवेन्द्र नाथ शर्मा



भारत में 50 प्रतिशत से अधिक किशोर रोज चार घंटे से ज्यादा टाइम स्क्रीन पर बिताते हैं, जिससे पढ़ाई, खेल और परिवार से संवाद का समय कम हो जाता है। इससे मोटापा, आलस्य, थकान और कमजोर स्टैमिना की समस्याएं बढ़ रही हैं। 60 प्रतिशत बच्चों में नींद पूरी नहीं होने से उनमे चिड़चिड़ापन और गुस्सा की प्रवृत्ति बढ़ती है तथा अपने भावनात्मक नियंत्रण की क्षमता कमजोर होने लगती है। चार घंटे से अधिक स्क्रीन टाइम वाले 25.9 प्रतिशत बच्चे अवसादग्रस्त पाए गए जबकि इससे कम स्क्रीन टाइम वाले बच्चों में केवल 9.5 प्रतिशत ही अवसाद की समस्या पाई गई।तकनीक ने मोबाइल के ज़रिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म और गेमिंग व ऐसे ही अन्य कई ऐप्स की लत से विश्व भर के बच्चों को एक ख़तरनाक और गंभीर स्थिति में ला दिया है। बच्चों में मानसिक व शारीरिक विकार बढ़ रहे हैं, वे साइबर अपराधों के शिकार हो रहे हैं । मोबाइल के कारण बच्चे आत्महत्या कर लगे हैं। बच्चों के सामाजिक व शैक्षिक जीवन पर इसका बुरा असर हो रहा है । 140 करोड़ की जनसँख्या के इस देश में दिसंबर 2025 तक 124.42 करोड़ मोबाइल धारक और 1.02 करोड़ से अधिक इंटरनेट ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ता हो गए हैं। हर माह प्रति व्यक्ति औसत डाटा की खपत 25 जीबी वाला हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा दूसरा दूरसंचार बाजार है। कोरोना काल में स्कूल बंद होने के कारण ऑनलाइन कक्षाए संचालित कर बच्चों की पढ़ाई करवाने के सरकारी फरमान के बाद स्कूली बच्चों के हाथों में स्मार्टफोन देना पालकों की विवशता हो गई। हालाकि केंद्र के सरकारी और ऊँची फीस वाले निजी स्कूलों में इन ऑनलाइन कक्षाओं का विधार्थियों ने भरपूर लाभ लिया और अपनी सीखना जारी रखा, लेकिन लाखों सरकारी व छोटे गैर-सरकारी स्कूलों में यह मात्र औपचारिकता ही रहा और विधार्थी सीखने में पिछड़ गए। इस समूची कवायद का हश्र यह हुआ कि आदिवासी व ग्रामीण बसाहटों और शहरी झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब परिवारों के अधिकतर बच्चों को छोड़ कर देश भर के करोड़ो बच्चों के हाथों में यह उपकरण आ गया। सूचना, ज्ञान, संचार, वित्तीय लेनदेन और नियंत्रित मनोरंजन जैसी मूल आवश्यकताओं पीछे छोड़ ज्यादातर बच्चे इस उपकरण का व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स, यू-टयूब व गेमिंग के एप्स, सेल्फी, विडियो व रील बनाने आदि में जरुरत से बेहिसाब ज्यादा इस्तेमाल करने लगे हैं। घंटों स्क्रीन पर अपनी आँखें और ध्यान गड़ाए रख आभासी दुनिया में विचरण करने लगते हैं। यह स्थिति कई चिंताए पैदा करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन जैसी मानक संस्थाओं के अध्ययनों के अनुसार भारत में 2 साल से कम उम्र के 61 प्रतिशत बच्चे स्क्रीन देखना शुरू कर देते हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि 2 साल तक के बच्चों को स्क्रीन बिल्कुल ही नहीं दिखानी चाहिए। भारत में 50 प्रतिशत से अधिक किशोर रोज चार घंटे से ज्यादा टाइम स्क्रीन पर बिताते हैं, जिससे पढ़ाई, खेल और परिवार से संवाद का समय कम हो जाता है। इससे मोटापा, आलस्य, थकान और कमजोर स्टैमिना की समस्याएं बढ़ रही हैं। 60 प्रतिशत बच्चों में नींद पूरी नहीं होने से उनमे चिड़चिड़ापन और गुस्सा की प्रवृत्ति बढ़ रही है तथा उनमें भावनात्मक नियंत्रण की क्षमता कमजोर होने लगी है। चार घंटे से अधिक स्क्रीन टाइम वाले 25.9 प्रतिशत बच्चे अवसादग्रस्त पाए गए जबकि इससे कम स्क्रीन टाइम वाले बच्चों में केवल 9.5 प्रतिशत ही अवसाद की समस्या पाई गई। बाज़ार की जरूरतों के मद्देनज़र, सोशल मीडिया प्लेटफार्म और गेमिंग सहित कई लुभावनी एप्स को जानबूझकर इस तरह डिजाइन किया जाता है कि वह बच्चे लंबे समय तक मोबाइल से बंधे रहें और इसके इस्तेमाल की लत के शिकार हो जावें। लत में पड़ कर वे देर रात तक जाग रहे हैं, नींद पूरी न होने से शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है, आत्म विश्वास कम हो रहा है। दूर तक देखने की क्षमता कम होने सहित नेत्र दोषों के शिकार हो रहे बच्चे। स्थिति यह हो जाती है कि वे मोबाइल के उपयोग से अपने आप को रोक ही नहीं पाते हैं। बार-बार व्हाट्सअप, फेसबुक या इंट्राग्राम पर पोस्ट चेक करते हैं। यहाँ तक बाथरूम में भी मोबाइल साथ रहता है। मोबाइल के बिना रहने, नेटवर्क न मिलने या फोन खो जाने का तर्कहीन डर उनमे बना रहता है। पोस्ट पर आने वाली लाइक्स और कंमेंटस उनके इए व्यक्तित्व की स्वीकृति का आधार बन उनकी मानसिक स्थिति को प्रभावित करने लगती हैं। यह स्थिति नोमोफोबिया नामक एक आधुनिक मानसिक विकार है, जो 12 से 23 वर्ष के बच्चों में ज्यादा पाया जाता है। चिड़चिड़ापन, गुस्सा, तनाव, चिंता, घबराहट, कांपना, पसीना आना, अकेलापन, और अवसाद इसके लक्षण हैं। कुछ बच्चों पर मोबाइल इस कदर हावी होता जा रहा है कि वे वर्चुअल दुनिया में खोये से रहते हैं। रोकने-टोकने पर तनावग्रस्त होकर क्रोध में आ जाते हैं, आपा खोकर असामान्य व्यवहार करने लगते हैं। मोबाइल के उपयोग पर सख़्ती से मनाही करने या मोबाइल छुड़ा लेने की स्थिति में कई बार बच्चे आत्महत्या तक कर लेते हैं। मोबाइल के कारण बच्चों द्वारा आत्महत्या किए जाने के ख़बरें कहीं न कहीं से रोज सुनने को मिलती हैं । फेसबुक व इंस्टाग्राम पर अनियंत्रित आपत्तिजनक, अश्लील, उत्तेजक व बहलाने-फुसलाने वाले कंटेंट, बच्चों को गलत कामों, अपराधों, यौन उत्पीडन, ब्लेकमेलिंग और मानव तस्करी जैसे खतरों में धकेल रहे हैं। संसद में सरकार ने बताया है कि 2001 से 2023 तक दो वर्षों में बच्चों के विरुद्ध साइबर अपराध 38 प्रतिशत बढ़े हैं जबकि कुछ राज्यों जैसे केरल में 172 प्रतिशत, उत्तराखंड में 178 प्रतिशत, कर्नाटक में 121 प्रतिशत व छत्तीसगढ़ में 119 प्रतिशत की चिंताजनक बढौतरी दर्ज की गई है। भारत सरकार ने इस साल के इकोनामिक सर्वे में 'डिजिटल एडिक्शन' को बड़ा स्वास्थ्य के देखभाल का मुद्दा माना है। हमारे देश में लचर साइबर कानूनों व अप्रभावी नियंत्रण नीतियों के कारण भारत में बच्चे इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के टारगेट पर हैं। पालक, शैक्षणिक व सामाजिक संस्थाए और नागरिक संगठन बच्चों से जुड़े इस बेहद संवेदनशील मुद्दे पर मुखर नहीं है। अमेरिका की न्यू मैक्सिको में एक कोर्ट ने एक स्कूल द्वारा दायर वाद पर अभी ही दिए एक फैसले में मेटा को बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने में नाकाम रहने का दोषी मान कर मेटा पर 3141 करोड।पए का जुर्माना लगाया है। हालाकि, मेटा ने अपनी पिछली तिमाही में इससे 160 गुना ज्यादा रेवेन्यू कमाया था। भारत में कड़े कानूनों और ऐसी जागरूकता की जरूरत है ताकि इन मुनाफाखोर कंपनियों पर नकेल कसी जा सके।

## आलेख

# अविश्वास प्रस्ताव लाने की क्या जरुरत थी?

अजीत द्विवेदी

विपक्षी नेताओं की ओर से कहा जा रहा है कि अविश्वास प्रस्ताव लाने का उनका मकसद पूरा हो गया। वे देश को बताना चाहते थे कि स्पीकर ओम बिरला पक्षपात करते हैं और नेता विपक्ष राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जाता है। दूसरे विपक्षी सांसदों को भी बोलने से रोका जाता है और उनके माइक बंद कर दिए जाते हैं। लेकिन इसमें से कौन सी ऐसी बात है, जो विपक्ष के सांसद हमेशा नहीं कहते रहते हैं? जब भी सत्र चलता हा या नहीं भी चल रहा होता है तो जहां मौका मिलता है वहां ये बातें कही जाती हैं। इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव लाने की क्या जरुरत थी? ऐसा लग रहा है कि विपक्ष इस प्रस्ताव को लेकर गंभीर नहीं था। एक औपचारिकता के तौर पर इसे पेश कर दिया गया। ऐसा होने के कई कारण हैं। पहला कारण तो यही है कि विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद वोटिंग नहीं कराई। सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि वह वोटिंग कराना चाहती थी लेकिन विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं हुआ। यह सही है कि इससे पहले जब भी स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया तो वोटिंग नहीं हुई और प्रस्ताव ध्वनिमत से ही खारिज हुआ। लेकिन उस समय की स्थितियां अलग थीं। 1987 में बलराम जाखड़ के खिलाफ प्रस्ताव आया था तब कांग्रेस के पास 415 सांसद थे। इसी तरह उससे पहले हुकूम सिंह के खिलाफ प्रस्ताव आया तो प्रस्ताव ही स्वीकार नहीं हुआ क्योंकि 50 सांसद पूरे नहीं हुए। उससे पहले जीवी मावलंकर के खिलाफ प्रस्ताव आया तो उस समय देश की पहली लोकसभा का मामला था, जिसमें कांग्रेस के पास प्रचंड बहुमत था। लेकिन इस बार भाजपा को बहुमत नहीं है और एनडीए के पास भी 293 सांसद ही हैं। दूसरी ओर ममता बनर्जी को मिला कर विपक्ष के पास 233 सांसद हैं। इतिहास में कभी भी विपक्ष इतना मजबूत नहीं रहा है। विपक्ष को अपनी यह मजबूती संसद में दिखानी चाहिएअ थी, जो उसने नहीं दिखाई। सवाल है कि क्या विपक्ष को अपने अंदर बिखराव की समस्या दिख रही थी? यह भी सवाल है कि अगर चर्चा के बाद वोटिंग नहीं करानी थी तो व्हिप जारी करने का क्या मतलब था? वास्तविकता सबको पता थी कि प्रस्ताव खारिज हो जाएगा। फिर भी विपक्ष ने इसे पेश किया था तो चर्चा के बाद वोटिंग के लिए जोर देना चाहिए था। वोटिंग होती तो सरकार की ताकत का भी पता चलता। यह भी पता चलता है कि विपक्ष कितना एकजुट है। सरकार और विपक्ष दोनों से दूरी बना कर चलने वाले 17 सांसदों के रूझान का भी पता चलता। अगर विपक्ष अपनी पूरी ताकत दिखाता तो शायद आगे उसकी बात ज्यादा सुनी जाती। लेकिन विपक्ष ने यह मौका गंवा दिया और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में जुट गया। उसका हस्र भी ऐसा ही होगा, जैसा स्पीकर के मामले का हुआ है और उस समय भी कोई ऐसी बात नहीं कही जाएगी, जो अभी नहीं कही जा रही है। बहरहाल, वोटिंग के लिए दबाव नहीं डालने के अलावा कई और कारण हैं, जिनसे लग रहा है कि विपक्ष इस प्रस्ताव को लेकर गंभीर नहीं था। इसमें एक कारण तो यह है भी है कि जिस समय प्रस्ताव पेश किया गया उस समय विपक्ष में एकता नहीं दिखी। लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता राहुल गांधी और दूसरी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस पर दस्तखत नहीं किए। तीसरी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी तृणमूल कांग्रेस इससे दूर रही। उसके सांसदों ने प्रस्ताव पर दस्तखत ही नहीं किए। हालांकि बाद में ममता बनर्जी ने कहा कि उनके सांसद प्रस्ताव का समर्थन करेंगे लेकिन हो सकता है कि कांग्रेस को तृणमूल और दूसरी विपक्षी पार्टियों के सांसदों पर भरोसा नहीं रहा हो इसलिए वोटिंग के लिए दबाव नहीं डाला गया। विपक्ष की अगंभीरता का पता इस बात से भी चलता है कि अविश्वास प्रस्ताव पर किसी बड़े नेता ने बोलने की जरुरत नहीं समझी। कांग्रेस ने असम चुनाव का ध्यान रखते हुए गौरव गोगोई से भाषण की शुरुआत कराई। राहुल गांधी भी दूसरे दिन तब बोले, जब केसी वेणुगोपाल ने रविशंकर प्रसाद के भाषण के बाद प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाया और राहुल के जवाब देने के अधिकार की बात कही। इस पर आसन पर बैठे दिलीप सैकिया ने उनको बोलने का मौंका दिया।

# जब हुई छत्तीसगढ़ विधानसभा की गोपनीय बैठक

- विचारधारा से प्रारम्भ हुई क्रान्ति लेवी, वसूली, लूटपाट एवं डकैती में परिवर्तित हो गई, इसलिए इसका अंत स्वाभाविक और सुनिश्चित था : बृजमोहन अग्रवाल
- मोदी, शाह और साय की रणनीति ने 60 साल के नासूर से देश और छत्तीसगढ़ को मुक्ति दिलाई
- नक्सलवाद को सामाजिक-आर्थिक समस्या बताकर संरक्षण देने वाले बेनकाब हुए : सांसद बृजमोहन
- छत्तीसगढ़ अब आसानी से बनेगा विकसित छत्तीसगढ़
- बस्तर और आदिवासी क्षेत्रों में अब बहेगी शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक, बिजली, पानी, राशन और रोजगार की बयार

(लेखक श्री बृजमोहन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री एवं वर्तमान में रायपुर लोकसभा से सांसद हैं)



भय से विश्वास तक: एक युगांतकारी परिवर्तन

छह दशकों तक भारत की आंतरिक सुरक्षा, लोकतांत्रिक व्यवस्था और विकास यात्रा को चुनौती देता रहा नक्सलवाद आज अपने निर्णायक अवसान की अवस्था में पहुँच चुका है। यह केवल एक सुरक्षा सफ्लता नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय संकल्प की विजय है, जिसमें स्पष्ट नीति, अटूट राजनीतिक इच्छाशक्ति और केंद्र-राज्य के अभूतपूर्व समन्वय ने मिलकर एक जटिल और दीर्घकालिक समस्या का समाधान किया है। नक्सलवाद का यह अवसान इस सत्य को पुन: स्थापित करता है कि भारत में बंदूक की शक्ति अंतत: लोकतंत्र की सामूहिक शक्ति के आगे टिक नहीं सकती। यह परिवर्तन अचानक नहीं आया—इसके पीछे दशकों का संघर्ष, अनगिनत बलिदान और एक ऐसी रणनीतिक निरंतरता रही है, जिसने अंतत: इस चुनौती को निर्णायक रूप से परास्त किया। इस ऐतिहासिक क्षण पर मैं उन सभी वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ—केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, कोबरा कमांडो, छत्तीसगढ़ पुलिस और स्थानीय सुरक्षाबलों के उन रणबाँकुरों को—जिन्होंने अपने सर्वोच्च बलिदान से इस संघर्ष को निर्णायक मुकाम तक पहुँचाया। यह विजय उनके अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की अमिट गाथा है।

**नक्सलबाड़ी से रेड कॉरिडोर तक: एक वैचारिक आंदोलन का हिंसक विस्तार**- भारत में नक्सलवाद का उदय वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुआ, जिसकी वैचारिक जड़ें तत्कालीन सोवियत संघ और चीन की उग्र वामपंथी विचारधारा में थीं। अपनी विकास विरोधी छवि के कारण जब बंगाल में इस विचारधारा के प्रति विरोध पनपने लगा तो अपने विस्तार के लिए नक्सलवाद ने सॉफ्ट टारगेट्स की तलाश शुरू की—ऐसे क्षेत्र जहाँ शासन की पहुँच सीमित हो, सामाजिक-आर्थिक चुनौतियाँ अधिक हों और जनजागरूकता कम हो। देश के वनांचल, आदिवासी और खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्र इस दृष्टि से सबसे आसान लक्ष्य थे। नक्सलवाद विस्तार की इसी रणनीति के तहत तथाकथित रेड कॉरिडोर विकसित हुआ, जो तिरुपति से पशुपति तक फैले विशाल भूभाग में फैल गया। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से घिरा छत्तीसगढ़, जिसका लगभग 42 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है, इस रेड कॉरिडोर का रणनीतिक केंद्र बन गया। पड़ोसी राज्यों से अपनी गतिविधियाँ सीमित रखने का अघोषित समझौता कर नक्सली अबूझमाड़ क्षेत्र में संगठित होते चले गए। अपनी दुर्गम भौगोलिक स्थिति के कारण दशकों तक प्रशासनिक सर्वेक्षण से दूर रहा अबूझमाड़ नक्सलियों का सुरक्षित शेल्टर बन गया।

**विचारधारा से विचलन: माओवाद से मनीवाद तक**- समय के साथ नक्सलवाद ने अपनी मूल वैचारिक पहचान खो दी और एक हिंसक आर्थिक उगाही तंत्र में परिवर्तित हो गया। बस्तर और सरगुजा जैसे वनाच्छादित जनजातीय क्षेत्रों में नक्सलियों ने समानांतर सत्ता संरचना स्थापित कर दी, जहाँ तथाकथित जन अदालतों के माध्यम से भय आधारित नियंत्रण कायम किया गया। छत्तीसगढ़ के खनिज सम्पन्न क्षेत्रों की खदानें, विद्युत परियोजनाएँ, तेंदूपत्ता व्यापार—सभी उनके लिए उगाही के स्रोत बन गए। सरकारी कर्मचारियों, व्यापारियों, ठेकेदारों और यहाँ तक कि पुलिस बलों से भी जबरन वसूली की जाने लगी । यह उगाही धीरे-धीरे इतनी बढ़ी कि छत्तीसगढ़ में इसका वार्षिक आंकड़ा हजारों करोड़ रुपये तक पहुँचने की चर्चा होने लगी। सोवियत संघ के विघटन के बाद रूस में यह विचारधारा समाप्त हो गई। चीन ने भी माओवाद की सशस्त्र संरचना को छोड़कर आर्थिक सुधारों पर आधारित पूंजीवादी कम्युनिज्म मॉडल को अपना लिया, लेकिन भारत में नक्सलवाद अपने मूल उद्देश्यों से भटककर लेवी वसूली और हिंसा फैलाने का टूल बन गया। नक्सलवाद के झंडाबरदारों ने विचारधारा को त्यागकर इसे अपने आर्थिक हितों की पूर्ति और आतंक फैलाने का साधन बना लिया।

**नक्सलवाद के वैचारिक समर्थन की राजनीतिक पृष्ठभूमि**- दुर्भाग्य से, कांग्रेस-नीत सरकारों के लंबे शासनकाल में नक्सलवाद के प्रति स्पष्ट और कठोर नीति का अभाव रहा क्योंकि उस दौर में केंद्र और कई राज्यों में भी वामपंथी पार्टियां कांग्रेस के सहयोगी की भूमिका में थीं। सत्ता के लिए वामपंथ के साथ कांग्रेस की राजनीतिक निकटता का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार करने की बजाय इसे सामाजिक-आर्थिक संघर्ष के रूप में प्रस्तुत कर वैधता प्रदान करने की नीति हावी हो गई। उस दौर में प्रशासनिक तंत्र के भीतर भी यह वैचारिक भ्रम दिखाई देता था। नक्सलवाद को सामाजिक समता पाने का वर्ग संघर्ष ठहराने के दृष्टिकोण से प्रशिक्षित किए गए आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की नीतियाँ भी नक्सलवाद के विरुद्ध कठोर होने के बजाय सहानुभूतिपूर्ण हो गई थीं। इस ढुलमुल नीति का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद देश के 12 राज्यों के लगभग 180 जिलों में फैल गया और छत्तीसगढ़ के गठन के बाद से ही प्रदेश के समग्र विकास की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन गया।

**राष्ट्रीय चेतना का उदय: मेरे प्रारंभिक अनुभव**- छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहते हुए मुझे बस्तर क्षेत्र में काम करने का अवसर मिला जहां नक्सलवाद रूपी दैत्य से मेरा प्रथम साक्षात्कार हुआ और यह आभास भी हुआ कि दंडकारण्य में इस दैत्य का दमन केवल हथियारों से नहीं किया जा सकता। नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष की भूमि तैयार करने के लिए इस क्षेत्र में वैचारिक जनजागरण की नितांत आवश्यकता थी और इसलिए जनजातीय समाज के बीच राष्ट्रीयता का अलख जगाने के प्रकल्प में मैंने भी अपनी भागीदारी निभाई। 1990 के दशक में स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा जी के नेतृत्व में रायपुर के पुराने कमिश्नर कार्यालय के बीटीआई कम्युनिटी परिसर में आयोजित बैठक में पहली बार यह निर्णय लिया गया कि नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष को राष्ट्रीयता के व्यापक संदर्भ में लड़ा जाएगा। यही वह निर्णायक मोड़ था जब नक्सलवाद की समस्या को केवल कानून-व्यवस्था के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के परिप्रेक्ष्य में देखा गया।

**जब हुई छत्तीसगढ़ विधानसभा की गोपनीय बैठक**- वर्ष 2003 से 2006 के बीच, जब मुझे मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी की सरकार में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री के रूप में कार्य करने का उत्तरदायित्व मिला, तब प्रदेश में पहली बार नक्सलवाद के विरुद्ध एक ठोस, नीतिगत और समन्वित अभियान प्रारंभ किया गया। ज्वाइंट एफर्ट, ज्वाइंट कमांड और ज्वाइंट पॉलिसी के सिद्धांत पर केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करने के प्रयास किए गए। तात्कालीन केंद्रीय गृहमंत्री शिवराज पाटील जी के साथ इस विषय पर मेरी कई गंभीर और विस्तृत मंत्रणाएँ हुई थीं। उस दौर में इस विषय की संवेदनशीलता को देखते हुए देश के इतिहास में पहली बार विधानसभा में गोपनीय बैठकों का आयोजन किया गया, ताकि लोग बिना किसी भय के खुलकर अपनी बात रख सकें। तात्कालीन स्पीकर प्रेम प्रकाश पांडेय जी की अध्यक्षता में आयोजित की जाने वाली इन बैठकों से अधिकारियों और पत्रकार साथियों को भी दूर रखना जरूरी हो गया था। इन मंत्रणाओं के परिणामस्वरूप बनी रणनीति के तहत तात्कालीन डीजीपी ओपी राठौड़ के नेतृत्व में कई अभियान चलाए गए और इसी क्रम में सलवा जुडूम जैसे जनअभियान की शुरुआत हुई।

**सलवा जुडूम: जनभागीदारी का ऐतिहासिक अध्याय**- हमारे समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि अशिक्षा, अज्ञानता और दुष्प्रचार के कारण स्थानीय समाज का एक बड़ा हिस्सा नक्सलवाद के प्रति सहानुभूति रखता था। इस स्थिति को बदलने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। स्कूलों, महाविद्यालयों और छात्रावासों में पर्चे और साहित्य वितरित किए गए। घर-घर जाकर नक्सलवाद की वास्तविकता को उजागर किया गया। इस अभियान में दिल्ली विश्वविद्यालय और जेएनयू जैसे संस्थानों से जुड़े राष्ट्रवादी विचारकों और छात्रों का भी सहयोग लिया गया। जनजातीय समाज को यह समझाया गया कि नक्सल नेतृत्व में स्थानीय छत्तीसगढ़ी आदिवासियों की भागीदारी शून्य है। जल जंगल जमीन के नारों की आड़ में हमारे भोले-भाले आदिवासियों का उपयोग केवल एक साधन के रूप में किया जा रहा था। यह भी सामने आया कि नक्सलियों के द्वारा आदिवासी युवतियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता था, उन्हें शोषण का शिकार बनाया जाता था, उन्हें विवाह तक नहीं करने दिया जाता और सामान्य सामाजिक जीवन जीने तक से वंचित रखा जाता था। इन सभी कड़वी सच्चाइयों के उजागर होने से आई जनजागृति का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद को मिलने वाला सामाजिक समर्थन कमजोर पड़ने लगा। जब नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा बने सलवा जुडूम के अगुआ सलवा जुडूम केवल एक सरकारी पहल नहीं थी, बल्कि आदिवासी समाज के भीतर से उठा एक स्वाभाविक जनआंदोलन था, जिसने पहली बार सही मायने में नक्सलवाद को चुनौती दी। तात्कालीन नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा जी ने न केवल इस अभियान को पुरजोर समर्थन दिया बल्कि इसे जमीन पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई। इस संघर्ष से जुड़े रहने के कारण अंतत: उन्हें अपने प्राणों की आहुति तक देनी पड़ी—जो इस आंदोलन की गंभीरता और बलिदान की पराकाष्ठा का साक्षात प्रमाण है। नक्सलवाद ने हमें झीरम जैसे दंश दिए जिसमें प्रदेश के अग्रणी नेता काल कलवित हो गए। सलवा जुडूम जनआंदोलन को अगर व्यापक संस्थागत समर्थन मिला होता, तो निश्चित ही नक्सलवाद का उन्मूलन उसी दौर में हो जाता, पर वैधानिक संस्थानों में काम करने वाले कई लोगों की सलवा जुडूम के खिलाफ लामबंदी, अर्बन नक्सली बुद्धिजीवियों के वैचारिक विरोध और केंद्र सरकार के नीतिगत असमंजस के कारण यह अवसर पूर्ण रूप से साकार नहीं हो सका।

**समन्वित नेतृत्व से निर्णायक परिवर्तन**- वास्तविक परिवर्तन तब आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में नक्सलवाद के विरुद्ध स्पष्ट, कठोर और समन्वित नीति अपनाई गई। नक्सलवाद को महज कानून-व्यवस्था की समस्या न मानकर, राष्ट्र की एकता, विकास और लोकतांत्रिक ढांचे के लिए गंभीर चुनौती मानते हुए नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए समयबद्ध रणनीति तैयार की गई। केंद्र और राज्य सरकारों के सशक्त समन्वय के परिणामस्वरूप दिसंबर 2023 से मार्च 2026 के बीच सुरक्षा बलों ने लगातार सटीक और प्रभावी कार्रवाई करते हुए सैकड़ों कुख्यात नक्सलियों को निष्क्रिय किया, हजारों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया और बड़ी संख्या में गिरफ्तारियाँ सुनिश्चित कीं। लैंड माइंस का व्यापक निष्क्रियकरण हुआ और भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। केंद्र और राज्य के समन्वित दृष्टिकोण और साझे प्रयासों से छह दशक पुराने नक्सलवाद के नासूर को जड़ से समाप्त करने का मार्ग प्रशस्त हुआ

**नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ की बुनियाद पर विकसित छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प**- वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए अब हमें नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ में गढ़ने के लिए दृढ़ संकल्पित होना पड़ेगा। जिस प्रकार आर्टिकल 370 के उन्मूलन से जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति और राष्ट्रीय एकीकरण का आधार बना, उसी प्रकार नक्सलवाद का समापन छत्तीसगढ़ के लिए एक नए युग का द्वार खोल रहा है। जिन क्षेत्रों में कभी शासन की पहुँच सीमित थी, वहाँ अब सड़कों का जाल बिछ रहा है, मोबाइल नेटवर्क स्थापित हो रहे हैं, बैंकिंग सेवाएँ सुलभ हो रही हैं और शिक्षा-स्वास्थ्य की सुविधाएँ तेजी से विस्तार पा रही हैं। बस्तर और आसपास के क्षेत्रों में जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है, वह केवल भौतिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक भी है। जहाँ कभी गनतंत्र का साया था, वहाँ आज जनतंत्र विश्वास और विकास के साथ स्थापित हो रहा है। अब चुनौती इस सफ्लता को स्थायी बनाने की है—ऐसी सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक संरचना खड़ी करने की, जहाँ किसी भी प्रकार की हिंसक विचारधारा को पनपने का अवसर ही न मिले। आत्मसमर्पण करने वाले युवाओं के पुनर्वास, कौशल विकास, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को प्राथमिकता देना आवश्यक है, ताकि वे पुन: हिंसा के रास्ते पर न लौटें।

**बुलेट पर बैलेट की निर्णायक विजय**- नक्सलवाद पर यह विजय केवल एक आंतरिक सुरक्षा अभियान की सफ्लता नहीं है, बल्कि यह भारत के लोकतांत्रिक आत्मविश्वास की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। यह उस निर्णायक परिवर्तन का संकेत है, जहाँ भय की राजनीति को विश्वास की शक्ति ने प्रतिस्थापित किया है और जहाँ बंदूक के साये में जी रहे समाज ने विकास और सहभागिता के मार्ग को अपनाया है। जो लोग बंदूक और गोलियों के दम पर भय के माध्यम से छत्तीसगढ़ में छद्म राज्य की कल्पना करते थे उनका अंत हुआ और लोकतंत्र की विजय हुई। बुलेट पर बैलेट की जीत हुई। देश की जनता, छत्तीसगढ़ की जनता और विशेषकर बस्तर की जनता को इस ऐतिहासिक विजय की हृदय से शुभकामनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### बस्तर की गर्भवती माताओं के लिए वरदान बनी जिला प्रशासन की पहल



**जगदलपुर,** बस्तर के सुदूर वनांचलों और ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने एक अत्यंत मानवीय और संवेदनशील कदम उठाया है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के विशेष मार्गदर्शन में जिले की गर्भवती महिलाओं, विशेषकर हाई रिस्क प्रेगनेंसी यानी उच्च जोखिम वाले प्रसव के मामलों की सटीक पहचान के लिए अब नि:शुल्क अल्ट्रासोनोग्राफी जांच की सुविधा सुनिश्चित की गई है। प्रशासन की इस सराहनीय पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि आर्थिक रूप से अक्षम परिवारों की माताओं को भी आधुनिक नैदानिक सुविधाएं मिल सके, ताकि गर्भधारण के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी चिकित्सीय जटिलता का सही समय पर पता लगाकर उसका त्वरित निदान किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संचालित इस विशेष अभियान के तहत न केवल उच्च जोखिम वाली स्थितियों की समय रहते पहचान होगी, बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु की सुरक्षा को भी एक नया सुरक्षा कवच मिलेगा। प्राय: देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर उच्च स्तरीय जाँच न हो पाने के कारण अंतर्गर्भाशयी मृत्यु, मृत जन्म, गर्भपात और समय से पूर्व प्रसव जैसी चुनौतियां सामने आती हैं, लेकिन अब आधुनिक जाँच सुविधा के इस विस्तार से इन गंभीर समस्याओं को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा। यह प्रयास अंतत: मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और सुरक्षित प्रसव की दर को बढ़ाने में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस महत्वपूर्ण और जीवन रक्षक जाँच प्रक्रिया को सुलभ बनाने के लिए जिला प्रशासन ने एक स्मार्ट रणनीति अपनाते हुए शहर के निजी स्वास्थ्य संस्थानों और डायग्नोस्टिक सेंटरों के साथ अनुबंध किया है, जिससे अब क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को जाँच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसी कड़ी में जमीनी स्तर पर सफलता दिखनी भी शुरू हो गई है, जहाँ बस्तर विकासखंड की 20 और जगदलपुर शहरी क्षेत्र की 15 गर्भवती महिलाओं को इस सुविधा का लाभ मिलना तय हुआ है। इसके साथ ही दरभा विकासखंड की 12 गर्भवती महिलाओं सहित बकावंड विकासखंड की 2 और जगदलपुर विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र नानगुर की 2 गर्भवती महिलाओं को भी शामिल किया गया है। जिला प्रशासन की यह संवेदनशीलता न केवल बस्तर में बेहतर होते स्वास्थ्य ढांचे को प्रदर्शित करती है, बल्कि यह जच्चा और बच्चा दोनों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक क्रांतिकारी और ऐतिहासिक प्रयास है।

### आदिवासी ध्रुव गोंड तहसील समाज नगरी व्दारा 70 वां ०वार्षिक सम्मेलन महासभा के लिए सांसद भोजराज नाग को दी आमंत्रण

**धमतरी।** नगरी आदिवासी ध्रुव गोंड समाज तहसील नगरी की वार्षिक महासम्मेलन के लिए कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग को समाजिक प्रतिनिधि मंडल ने दी भावभरा आमंत्रण।आगामी 11 अप्रैल से दो व्दिवसीय महासभा वार्षिक महासम्मेलन का आयोजन समाज की परंपरा के तहत, चक्रिय क्रमानुसार प्रतिवर्ष अलग अलग मुड़ा क्षेत्र में आयोजित होती है। इस साल 11 अप्रैल से गौरव ग्राम गट्टासिल्ली में एतिहासिक कार्यक्रम आयोजन होगी। तहसील समाज की ओर से 4 अप्रैल को कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग के निज निवास अन्तागढ़ पहुंचकर बतौर अतिथि हेतु आमंत्रण दिया गया। उक्त आमंत्रण को सांसद ने सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंने आदिवासी कला संस्कृति इतिहास भाषा और परंपरा पर सामाजिक प्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा भी किया। इस दौरान तहसील प्रतिनिधि मंडल तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र ध्रुव,महासचिव नरेश छेदैहा,वित्त सचिव मानिक नेताम, खड़पथरा मुड़ा क्षेत्र अध्यक्ष संत मरकाम और गट्टासिल्ली युवा अध्यक्ष संजय मरकाम शामिल रहे

### मसोरा जलाशय बनेगा पर्यटन का नया केंद्र

**कोंडागांव।** जिले के मसोरा जलाशय में इन दिनों प्रकृति और पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। यहां बड़ी संख्या में लेसर व्हिस्लिंग डक जिन्हें स्थानीय तौर पर सिटी बजाने वाली बत्तख या छोटी सिल्ही कहा जाता है, को देखा जा रहा है। भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाई जाने वाली यह छोटी भूरे रंग की बत्तख इस जलाशय की सुंदरता को और बढ़ा रही है राष्ट्रीय राजमाग ह॥-30 से मात्र 900 मीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत मसोरा के जामकोट जलाशय को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। होम स्टे नीति के तहत ग्राम पंचायत मसोरा का चयन किया गया है।

# धान खरीदी केंद्र बना 'राजनीतिक अखाड़ा'? झंडा विवाद ने गरमाई सियासत, कार्रवाई की मांग तेज

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले के धान खरीदी केंद्रों में इन दिनों एक गंभीर विवाद ने तूल पकड़ लिया है। किसानों की सुविधा और सरकारी कार्यों के लिए बनाए गए इन केंद्रों पर कथित रूप से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का झंडा फहराने की घटना सामने आने के बाद प्रशासनिक निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

मामला छुरा क्षेत्र के सिवनी धान खरीदी केंद्र का बताया जा रहा है, जहां सरकारी नियमों के विपरीत राजनीतिक गतिविधि होने का आरोप है। यह केंद्र पूरी तरह शासकीय व्यवस्था के अंतर्गत संचालित होता है और यहां केवल किसानों से जुड़े कार्य ही किए जाने का प्रावधान है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक दल का झंडा फहराना नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों और किसानों में इस घटना को लेकर गहरी नाराजगी देखी जा रही है। किसानों का साफकहना है। कि जहां हम धान बेचने आते हैं, वहां राजनीति क्यों?



उनका मानना है कि इस तरह की गतिविधियां न केवल माहौल खराब करती हैं, बल्कि सरकारी व्यवस्थाओं की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती हैं।

सूत्रों के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान एक जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार की मौजूदगी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं मंडी प्रभारी चरण सिंह ने खुलासा किया कि उन्होंने झंडा फहराने से मना किया था, लेकिन अध्यक्ष तिहार सिंह ठाकुर द्वारा कथित रूप से दबाव बनाकर झंडा फहराया गया। इतना ही नहीं, कार्यक्रम में आए लोगों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी प्रभारी से करवाई गई।

प्रशासनिक सूत्र स्पष्ट करते हैं कि बिना अनुमति किसी भी सरकारी परिसर में राजनीतिक झंडा फहराना पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। हालांकि जिले के धान खरीदी के नोडल अधिकारी शिवेश मिश्रा से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने प्रतिक्रिया देना उचित नहीं समझा।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद सबसे बड़ा प्रश्न यही उठ रहा है कि प्रशासन की मौजूदगी में यह आयोजन कैसे हुआ? क्या इसे अनुमति दी गई थी या यह सब नियमों को दरकिनार कर किया गया?

विपक्षी नेताओं और स्थानीय लोगों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते ऐसे मामलों पर रोक नहीं लगाई गई, तो शासकीय संस्थानों का राजनीतिक दुरुपयोग बढ़ सकता है।

धान खरीदी केंद्र जैसे संवेदनशील सार्वजनिक स्थलों पर इस तरह की घटनाएं प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही हैं। अब नजर इस बात पर टिकी है कि जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या यह मामला भी सिर्फ बयानबाजी तक सीमित रह जाता है।

## भाजपा सदस्यों ने बूथ स्तर पर झंडा फहरा कर मनाया स्थापना दिवस, अब की बार उपचुनाव में भाजपा की जीत का लिया गया संकल्प




### इंदिरा वार्ड में भाजपा के स्थापना दिवस का हुआ आयोजन

**जगदलपुर:(विश्व परिवार)।** देश भर में आज भाजपा अपना 47 वाँ स्थापना दिवस मना रहा है। भाजपा द्वारा बूथ स्तर पर स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। 6 अप्रैल को जगदलपुर के इंदिरा वार्ड 16 में भी दो बूथ पर स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया गया। वार्ड के बूथ नम्बर 131और बूथ नम्बर 132 पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ भाजपा पश्चिम मंडल महामंत्री संजय चंद्राकर एवम युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिलाष यादव अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दोनों बूथ में भाजपा सदस्यों के द्वारा वार्ड के भाजपा सदस्य गजेंद्र चांडक एवम शेखर मालू के निवास पर भाजपा ध्वज को लगाकर स्थापना दिवस मनाया गया और साथ ही अब की बार इंदिरा वार्ड के उपचुनाव में भाजपा की जीत का संकल्प भी लिया गया।

बूथ के अध्यक्ष आनंद झा ने बताया कि भाजपा संगठन द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

5 से 7 अप्रैल तक भाजपा कार्यालय की साफ - सफाई सहित विशेष साज - सज्जा एवम लाइटिंग कार्य सुनिश्चित किया गया है। 6 अप्रैल को स्थापना दिवस के अवसर पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने निवास स्थान पर भाजपा ध्वज लगाने का निर्देश किया गया है।

6 से 7 अप्रैल तक हर बूथ स्तर पर ' स्थापना दिवस ' का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

आज इंदिरा वार्ड 16 के दोनों बूथों में भाजपा की स्थापना दिवस को मनाया गया है। इस दौरान भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे देश व प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुँचाने व लाभ दिलाने हेतु हर भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय है।

आगामी दिनों में वार्ड में होने वाली उपचुनाव को ले कर भाजपा सदस्यों ने उपचुनाव में भाजपा की जीत का संकल्प लिया है।

इस दौरान भाजपा पश्चिम मण्डल उपाध्यक्ष व इंदिरा शक्तिकेन्द्र प्रभारी योगेश शुक्ला,मण्डल महामंत्री व कार्यक्रम अतिथि संजय चंद्राकर , युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिलाष यादव,बूथ अध्यक्ष आनंद झा, कुणाल सूर्यवंशी, छाया पार्षद कृष्णा ठाकुर, वार्ड के वरिष्ठ भाजपा सदस्य इलियाज ढेबर,गजेंद्र चांडक,शेखर मालू सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिले में खाद बीज बिक्री में अनियमितता पर हुई कार्रवाई



### सात केंद्रों की बिक्री प्रतिबंधित, तीन को नोटिस

**जगदलपुर:(विश्व परिवार)।** बस्तर जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी और निर्धारित नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के सख्त निर्देशों का पालन करते हुए सोमवार 06 अप्रैल को कृषि विभाग के गुण नियंत्रण उड़नदस्ता दल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस सघन जांच अभियान के दौरान कई प्रतिष्ठानों में गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं, जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से कड़े कदम उठाए हैं। निरीक्षण की इस कड़ी में उड़नदस्ता दल ने कुल 10 प्रमुख खाद केंद्रों की जांच की, जिसमें रिकॉर्ड में विसंगति और विक्रय नियमों की अनदेखी पाए जाने पर 07 केंद्रों की बिक्री पर पूर्णत: प्रतिबंध लगा दिया गया है। इन केंद्रों में बकावण्ड विकासखंड का जितेन्द्र पानीग्राही कृषि केन्द्र (उलनार), शिवाय कृषि केन्द्र जगदलपुर व सेठिया कृषि केन्द्र जगदलपुर, बस्तर विकासखंड के दीवान कृषि केन्द्र (लामकेर) सहित सालेमेटा के बघेल ट्रेडर्स व बघेल कृषि ट्रेडिंग और रिन्टू कृषि केन्द्र लोहण्डीगुड़ा शामिल हैं। इन सभी संस्थानों में मिली खामियों को देखते हुए आगामी आदेश तक खाद की बिक्री रोक दी गई है। कार्यवाही के दौरान केवल प्रतिबंध ही नहीं बल्कि स्पष्टीकरण की प्रक्रिया भी अपनाई गई है। प्रशासन ने लामकेर स्थित कुंवर और शंकर कृषि केन्द्र के साथ-साथ तारापुर के दक्ष कृषि केंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि किसानों को खाद की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में इस प्रकार के औचक निरीक्षण भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि उर्वरकों की कालाबाजारी पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके और किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

## मोटर सायकल चोरी करके अपनी जरूरतें पूरा करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर।** कोसागुमडा ओडिशा निवासी प्रहलाद मांझी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि 8 बजे अपने लाल रंग के पैसन प्रो मोटर सायकल कमांक छ्त्र04छ्ञ्1099 से अपने भाई आसमन मांझी व कृष्णा मांझी के साथ मेला घुमने ,ग्राम नगरनार आया था। मोटर सायकल को पंचायत भवन के पास खड़ी कर मेला व नाट देख रहे थे। सुबह करीबन 6 बजे वापस जाने मोटर सायकल को खड़े किये स्थान पंचायत भवन के पास आकर देखा तो मोटर सायकल उक्त स्थान पर नही था। एक व्यक्ति के द्वारा बताया गया कि उक्त मोटर सायकल को सरोज नेताम को चलाते हुए देखना व उसके पीछे एक अन्य व्यक्ति बैठा होना बताने कि रिपोर्ट पर आरोपी सरोज नेताम व अन्य के खिलाफ अपराध सदर कायम कर माल मुल्जिम पतासाजी में लिया गया।प्रकरण के फरार आरोपी सरोज नेताम व एक अन्य की पतासाजी हेतु पुलिस एसपी शलभ कुमार सिन्हा एएसपी माहेश्वर नाग के दिशा निर्देश एवं सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपीयो को ग्राम चोकावाड़ा से पकड़कर हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। आरोपीयों के द्वारा पुछताछ में उक्त मोटर सायकल के लॉक को मास्टर चाबी से खोलकर चोरी करना कबुल करने पर आरोपीयों के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल क्रमांक छ्त्र04छ्ञ्1099 कीमती 30000/रूपया एवं मास्टर चाबी को बरामद कर जप्त कर आरोपीगण सरोज नेताम पिता रामदास नेताम और महेन्द्र गोयल पिता फागु गोयल दोनो निवासी ग्राम चोकावाड़ा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। महत्वपुर्ण भूमिका अदा करने में इंस्पेक्टर संतोष सिंह, उ.नि.सतीस यदुराज,सउनि सतीस तिवारी, प्रआर रमेश पासवान, का विशेष योगदान रहा है।

# छात्र अधिकारों के हनन पर NSUI का हल्ला बोल: छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय का घेराव

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** छात्र संघ चुनाव की बहाली की मांग को लेकर आज हस्ङ्ख (भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन) ने प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में जोरदार प्रदर्शन किया।

NSUI जिलाध्यक्ष विशाल खंबारी एवं प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय का घेराव किया। इस दौरान छात्रों ने अपने अधिकारों को लेकर जमकर नारेबाजी की, जिससे पूरा विश्वविद्यालय परिसर गूंज उठा।

**छात्र नेताओं के तीखे बयान- छात्र संघ चुनाव हमारा अधिकार है, कोई खैरात नहीं — आदित्य सिंह बिसेन**

NSUI प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन ने कहा कि छात्र संघ चुनाव प्रदेश के लाखों छात्रों का अधिकार है, जिसे हर हाल में बहाल किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव नहीं होने से विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है और छात्रों की भागीदारी के बिना सरकारी फंड का दुरुपयोग हो रहा है।



**विश्वविद्यालयों का अघोषित RSS कार्यालय बनना बर्दाश्त नहीं — विशाल खंबारी**

NSUI जिलाध्यक्ष विशाल खंबारी ने कहा कि वर्ष 2016 से चुनावों पर लगी रोक अलोकतांत्रिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालयों में अनियमितताएं बढ़ रही हैं और सरकारी बजट का दुरुपयोग हो रहा है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द चुनाव बहाल नहीं किए गए तो **NSUI** द्वारा राजभवन एवं मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

**ABVP की हार के डर से चुनाव रोक रही है भाजपा— मनोहर सेठिया**

प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया ने कहा कि 2016 में चुनाव बंद करना पूरी तरह छात्र विरोधी निर्णय था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बच रही है क्योंकि चुनाव होने पर हस्ङ्ख को भारी समर्थन मिलेगा।

**कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोग-** इस प्रदर्शन में जिला प्रभारी अनुराग महतो, जनपद सदस्य जशकेतन् जोशी, जिला सचिव आदर्श दलई, प्रदेश महासचिव ज्योति राव, प्रदेश सचिव शेख अयाज़, कांकेर जिलाध्यक्ष सुमीत राय, विश्वविद्यालय अध्यक्ष पंकज केवट,

नरेंद्र साहू, कर्तव्य आचार्य, दुशल काले, हंशु नाग, कुणाल पटेल, हर्षवर्धन शर्मा, ओमकार यादव, दीपेश पांडेय, प्रदीप सेठिया, यशवंत मौर्य, भुवनेश्वर कश्यप, तनमय चौहान, रेहान रिज़वी, किशु बघेल, लीलाधर गजेन्द्र, समीर कुमार, विकास पटेल, आकाश मंडल, नमन बोथरा सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जीईएम ने 18.4 लाख करोड़ रुपये का जीएमवी हासिल किया

**नईदिल्ली।** गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) ने कुल मिलाकर 18.4 लाख करोड़ रुपये का सकल व्यापार मूल्य (जीएमवी) हासिल किया है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5 लाख करोड़ रुपये जीएमवी का आंकड़ा पार करना भी शामिल है। यह प्लेटफॉर्म एक पारदर्शी, कुशल और समावेशी डिजिटल सार्वजनिक खरीद प्रणाली के रूप में लगातार विकसित हो रहा है, जो भारत की सार्वजनिक अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दे रहा है। यह उपलब्धि सरकारी संस्थाओं में बड़े पैमाने पर खरीद प्रक्रिया को सक्षम बनाने वाले सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में जीईएम की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है। यह प्लेटफॉर्म खरीद संबंधी निर्णयों को सुगम बनाता है, विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमों को सरकारी मांग से जोड़ता है और सार्वजनिक व्यय में आर्थिक समावेशन, स्थिरता और पारदर्शिता को बढ़ावा देता है। मीडिया को संबोधित करते हुए, गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मिहिर कुमार ने कहा कि 18.4 लाख करोड़ रुपये के संचयी जीएमवी को पार करना एक पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित खरीद प्रणाली में खरीदारों, विक्रेताओं और संस्थानों के विश्वास को दर्शाता है। जीईएम ने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई), महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमों और स्टार्टअप उद्यमों के लिए पहुंच बढ़ाने हेतु समावेशी दृष्टिकोण अपनाया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, कुल ऑर्डरों में से 68 प्रतिशत एमएसई द्वारा निष्पादित किए गए।

# जन अभियान बनते जा रहा है गो सम्मान आह्वान अभियान, गांव-गांव में हो रहा है प्रचार प्रसार

**आरंग (विश्व परिवार)।** 27 अप्रैल को गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत पूरे देश में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।जिसके तहत् क्षेत्र के गौ सेवक आरंग सहित अंचल के गांव-गांव में पहुंचकर इस अभियान को सफल बनाने आमंत्रित कर रहे हैं। साथ ही गांव गांव में जगह -जगह बैनर पोस्टर,नारा, दीवाल लेखन के माध्यम से लोगों को इस अभियान को सफल बनाने अपील कर रहे हैं। साथ ही आरंग नगर के सभी समाजों को आमंत्रित किया जा रहा है। जिसमें सभी समाजों द्वारा इस

गौ अभियान को व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। वहीं रविवार को क्षेत्र के गौ सेवक ग्राम भिलाई में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व



कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू व अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू को आमंत्रण पत्र भेंट किए।जिसपर उन्होंने कहा सनातन काल से ही गौ माता पूजनीय है।गौ माता में तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का वास माना जाता है। इसलिए हम सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं। और गौ माता को सम्मान दिलाएं।गौ सेवको ने बताया 27 अप्रैल को आरंग के कुमारेश्वर महादेव मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री,राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञात हो कि गौ सम्मान और संरक्षण को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार अभियान चलाया जा रहा है।जो पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# नशेड़ी वाहन चालकों के विरुद्ध रायपुर पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर शहर में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।श्री विकास कुमार पुलिस उपायुक्त, यातायात एवं प्रोटोकॉल* के निर्देशानुसार शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। शराब पीकर वाहन चलाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है और वाहन ड्राइवर अपने जीवन के साथ-साथ दूसरे के जीवन के लिए भी खतरा पैदा करता है। इसी क्रम में एम व्ही एक्ट की धारा 185 प्रावधानों के तहत शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि *इस वर्ष जनवरी से आज तक 1853 नशेड़ी वाहन चालकों के



विरुद्ध कार्यवाही की जा चुकी है, जिनमें न्यायालय द्वारा प्रत्येक मामले में न्यूनतम 10000/- का जुर्माना किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत दिनांक 5 अप्रैल 2026 की रात्रि में डीसीपी श्री विकास कुमार के नेतृत्व में शहर के सात स्थानों पर यातायात थाना प्रभारी एवं यातायात पुलिस स्टॉफ के साथ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाते हुए कुल 129 वाहन चालकों को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध चालान की कार्यवाही कर उन्हें माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।लोगों में भ्रांति है कि पुलिस कोई टारगेट पूरा करने अभियान चलाती है, जबकि यातायात पुलिस का यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

# बैठक में समाज के उत्थान और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** बैठक में मुख्य वक्ता श्री सुरेश कुमार यादव ने संघ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज के प्रत्येक परिवार से न्यूनतम 11 रुपए प्रतिमाह सहयोग राशि देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 10 लाख परिवारों के इस छोटे-से योगदान से एक बड़ी सामाजिक पहल को मूर्त रूप दिया जा सकता है। इस राशि से प्रदेश स्तर पर यादव समाज का विस्तृत डेटा तैयार किया जाएगा तथा 20 से 25 एकड़ क्षेत्र में यादव मल्टीस्पेशलिटी कम्युनिटी सेंटर का निर्माण किया जाएगा।

प्रस्तावित कम्युनिटी सेंटर में सर्वसुविधायुक्त भवन, आधुनिक स्तर के स्कूल, महाविद्यालय एवं प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नीट,जेईई आदि की तैयारी के



लिए कोचिंग सेंटर, बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल उन्नयन केंद्र, नशा मुक्ति केंद्र तथा वृद्धाश्रम जैसी सुविधाएं विकसित करने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही यह कार्य राज्य, संभाग, जिला एवं ब्लॉक स्तर तक विस्तारित करने की योजना भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर त्रिपुरा तीर्थ यात्रा के संचालक श्री राहुल यादव ने इस अभियान को गति देने के उपाय बताते हुए कहा कि सहयोग की शुरुआत स्वयं के परिवार से करनी चाहिए, इसके बाद रिश्तेदारों, मित्रों और समाज के अन्य लोगों तक इस अभियान को धीरे-धीरे विस्तार देना चाहिए।

बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति और युवा साथियों के साथ हुए संवाद में यह स्पष्ट हुआ कि एकजुट समाज ही अपने अधिकार, सम्मान और विकास की दिशा तय कर सकता है। यह आयोजन केवल सामाजिक मिलन न होकर विचार, संकल्प और सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत नींव साबित हुआ।

# डबरी तालाब का सौंदर्यकरण कार्य तेजी से जारी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** बिरगांव नगर निगम के एमआईसी सदस्य इकराम अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर स्थित शहर के प्रमुख जलाशयों में शामिल खदान डबरी तालाब का लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से सौंदर्यकरण कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत तालाब में 2 प्रवेश द्वार, उद्यान (गार्डन) क्षेत्र, खेल क्षेत्र (प्ले ज़ोन), पाथवे (चलने का मार्ग), व्यू प्वाइंट (दृश्य स्थल), आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, व्यापक पौधारोपण, घाट निर्माण, रिटेनिंग वॉल (सुरक्षा दीवार), टो वॉल (आधार दीवार) तथा जल निकासी हेतु आउटलेट जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। आज महापौर श्री नंदलाल देवांगन जी द्वारा निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित



अधिकारियों को कार्य शीघ्रता एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि डबरी तालाब को आधुनिक एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है, जिससे यह स्थल शहरवासियों के लिए एक प्रमुख पर्यटन एवं मनोरंजन केंद्र के रूप में विकसित होगा। उन्होंने आगे बताया कि कार्य अंतिम चरण में है और बहुत जल्द इस तालाब को आम जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र की सुंदरता में वृद्धि होगी तथा नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं मनोरम वातावरण प्राप्त होगा। नगर निगम बिरगांव द्वारा किया जा रहा यह विकास कार्य शहर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

# चावल उत्सव के नाम पर प्रोपोगंडा कर रही सरकार : दीपक बैज

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार 3 महीने का चावल एक साथ देकर चावल उत्सव मनाने जा रही है। अभी तक जितने चावल की जरूरत है उसका 30 प्रतिशत भी चावल राशन दुकानों में नहीं पहुंचा है। 31 लाख उपभोक्ताओं का राशन



कार्ड केवाईसी के नाम पर काट दिया। 5 माह से राशन नहीं मिल रहा। अब चावल उत्सव मनाने का ढकोसला कर रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश के संग्रहण केन्द्रों में 20 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खुले में पड़ा है बेमौसम बारिश से कुछ जगह धान भीग गया। बारिश और भी हो सकती है। धान भीगने से खराब होगा इसकी जवाबदारी कौन लेगा? धान का उठाव क्यों नहीं करवाया जा रहा है, मिलरों को धान क्यों नहीं दे रही सरकार? यह धान खराब होना बताकर भ्रष्टाचार करने का षडयंत्र रचा जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार ने घोषणा किया था कि जो ग्राम पंचायतें नक्सल मुक्त हो जायेगी उनको एक करोड़ रू. विकास कार्य के लिये दिया जायेगा। सरकार ने 31 मार्च को यह मान लिया है कि पूरा छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त हो गया है, अत: सरकार बस्तर संभाग के सभी 7 जिलों की सभी ग्राम पंचायतें बलरामपुर, मोहला-मानपुर, खैरागढ़, राजनांदगांव की नक्सल प्रभवित रही पंचायतों को 1 करोड़ रू. तत्काल जारी करे।

# अमित जोगी मामले में अदालत का फैसला सर्वोपरि, कांग्रेस हमेशा न्याय की पक्षधर रही : सुरेन्द्र वर्मा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** एनसीपी नेता स्व. रामअवतार जग्गी हत्याकांड मे छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के नेता अमित जोगी को हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि रामअवतार जग्गी के पुत्र सतीश




जग्गी की याचिका पर हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इस मामले को फिर से खोला था। इस मामले में तथ्य के आधार पर हाईकोर्ट ने उन्हे दोषी पाया तथा आजीवन कारवास की सजा सुनाई। इस मामले में कांग्रेस पार्टी का स्टैण्ड पहले दिन से क्लियर था कांग्रेस की मनमोहन सिंह की केंद्र सरकार ने इस मामले का सीबीआई जांच कराया था उस समय अजीत जोगी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में से एक थे और पूर्व मुख्यमंत्री थे उसके बावजूद उनके पुत्र अमित जोगी को सीबीआई ने जांच कर अरेस्ट किया था। कांग्रेस पार्टी हमेशा से मानना था कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिये और पीड़ित को न्याय मिलना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि अमित जोगी के पास इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का विकल्प है। निचली अदालत ने उन्हें बरी किया था। हाईकोर्ट ने दोषी मानकर आजीवन कारावास की सजा दी है।

### पश्चिम एशिया संकट से व्यापार व एमएसएमई पर असर की आशंका

# कैट ने वित्त मंत्री से राहत उपाय और टास्क फोर्स के गठन का किया आग्रह

**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंधान, श्री वासु मखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी, श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट पश्चिम एशिया में जारी संकट के भारत के व्यापार और उद्योग, विशेषकर छोटे




व्यापारियों एवं एमएसएमई क्षेत्र पर संभावित प्रभाव को लेकर चिंता व्यक्त की है तथा सरकार से समय रहते आवश्यक राहत एवं नीतिगत उपाय करने का आग्रह किया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी ने बताया कि कैट ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन को आज भेजे एक पत्र में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सक्रिय एवं निर्णायक नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सतत निगरानी और समयबद्ध हस्तक्षेप के कारण वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत और स्थिर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि स्त्रोतों के विविधीकरण, लॉजिस्टिक्स ढांचे के सुदृढ़ीकरण, संतुलित वित्तीय प्रबंधन तथा आवश्यक वस्तुओं की निरंतर निगरानी जैसे कदमों ने देश में उपलब्धता और कीमतों को नियंत्रित रखा है, जिससे व्यापार जगत में विश्वास बना है।

# लोकभवन में लगा होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर, राज्यपाल रमेन डेका ने कराई जांच

- अधिकारियों-कर्मचारियों को किया प्रेरित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका की पहल पर आज लोक भवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में होम्योपैथिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों तथा उनके परिजनों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर इसका लाभ उठाया। राज्यपाल श्री डेका स्वयं शिविर में पहुंचे और उन्होंने रक्तचाप (बी.पी.) एवं वजन की जांच कराई। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने



कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से बीमारियों की समय रहते पहचान संभव होती है और बेहतर उपचार किया जा सकता है।

शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, आर्थराइटिस, रक्त संबंधी समस्याएं, सनस्ट्रोक, चिकनपॉक्स सहित विभिन्न बीमारियों के लिए होम्योपैथिक दवाइयां नि:शुल्क प्रदान की गईं। चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया। इस स्वास्थ्य शिविर में रायपुर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के चिकित्सकों और स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाइयां वितरित कीं तथा जीवनशैली से जुड़ी उपयोगी सलाह भी दी।

# ईदगाहभाठा पानी टंकी से इंटर कनेक्शन लेने नई पाईपलाईन डाली जाएगी



- जल समस्या को देखते किया जाएगा निर्माण

**रायपुर(विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम रायपुर जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी ने जानकारी दी है कि रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 4 अंतर्गत पानी की लगातार 2 वर्षों की समस्या को देखते हुये ब्राम्हणपारा वार्ड क्रमांक 43 क्षेत्रांतर्गत पाईपलाईन को जोन कमांक 5 ईदगाहभाठा पानी टंकी से जोन क्रमांक 4 हेतु इंटर कनेक्शन लेने हेतु ईदगाहभाठा से सारथी चौक तक मेन रोड की खुदाई कर नई पाईप लाईन डालकर उक्त समस्या का निराकरण किया जा रहा है।

वर्तमान में उक्त रोड में दोनों तरफ पाईप लाईनों को जोड़ने हेतु बीच रोड की खुदाई कर नई पाईप बिछाने का कार्य चल रहा है। उक्त कार्य दिनांक 29 मार्च 2026 से ठेकेदार को कार्यादेश मिलने के पश्चात् कार्य प्रारंभ किया गया है।

वर्तमान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 से जोन क्रमांक 4 में इंटर कनेक्शन का कार्य लगभग दिनांक 25 अप्रेल 2026 तक पूर्ण कराकर रोड मरम्मत कार्य किया जावेगा। जिससे जनहित को ध्यान में रखते हुये शुद्ध पेयजल सप्लाई व साथ ही जल्द से जल्द बाधित यातायात की समस्या का निदान किया जावेगा।

# निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूरा करें: कलेक्टर

**कवर्धा (विश्व परिवार)।** जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र बोड़ला विकासखंड के ग्राम पचराही में पशु संरक्षण और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के तहत गौ प्रशिक्षण केंद्र सह गौधाम का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। लगभग 10 एकड़ में विकसित हो रहा यह प्रोजेक्ट न केवल निराश्रित गौवंश के संरक्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर भी तैयार करेगा। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने स्थल का निरीक्षण कर विभिन्न संरचनाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। इस गौधाम में आधुनिक सुविधाओं के साथ पशुओं के लिए शेड, उपचार कक्ष, प्रशिक्षण भवन सहित विभिन्न आवश्यक अधोसंरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन शेड, मेडिसिन कक्ष और प्रशिक्षण भवन का बारीकी से जायजा लिया तथा कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**ई-नीलामी सूचना क्र.:** COM/C/G/R/E-auction/26 **दिनांक:** 06.04.2026

रायपुर मंडल में आय एवं लीज़िंग अनुबंध हेतु ई-नीलामी निम्नानुसार निर्धारित है :

| Sr. No. | Asset Description | Auction Date | Auction Time From | Auction Time To |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भिलाई MEMU कार शेड में यात्री सेवाओं के लिए उपयोग किए जाने वाले 17 MEMU रेकों की पूरी बाहरी दीवारों पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से विज्ञापन अनुबंध के लिए निविदा (5 वर्ष की अवधि के लिए) | 08.04.2026 | 15:00 | 15:30 |
| 2 | उरकुरा रेलवे स्टेशन पर दो एवं चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड के लिए निविदा। | 16.04.2026 | 15:00 | 15:30 |

सभी ई-नीलामी अधिसूचनाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।

मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर

PR/R/SR.DCM/MS/09 South East Central Railway @secrail

## CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED
CHHATTISGARH STATE LOAD DESPATCH CENTRE: RAIPUR
CIN-U40108CT2003SGC015820 GST – 22AADCC5773E1ZX (C.G. Govt. Undertaking)
PHONE : 0771- 2574172, FAX NO. 0771-2574174.Website :www.sldccg.com, Email : office@sldccg.com

**e-Notice Inviting Tender (e-NIT)**

**No.: 03-02/SLDC/e-bidding/TR-267/14, Raipur, Dtd.: 06-04-2026**

**Tender No. : TR-267**

**Tender for Annual Maintenance Contract (AMC) of the DSM Billing System, under ABT Mechanism (Software and Hardware) and Operation & Maintenance (O&M) support; along with deputation of two experienced Engineers for a period of 01 Year.**

Online bids are invited through CSPTCL Tendering System (SAP-SRM) from Eligible Contractor/ Agencies who fulfill the Pre-Bid Qualification Criteria is opened & will be allowed registration for this tender till following date.

**Important Dates:**

Last date for Submission of Tender Document:**27.04.2026, upto 12:00 PM Only.**

Date of opening of Tender Document:**27.04.2026 at 12:30 PM.**

**The detailed Tender is also available at our official website: www.sldccg.com&www.cspc.co.in.**

CHIEF ENGINEER (SLDC), CSPTCL, RAIPUR

// Save Electricity // Samavd- 47395/3

# श्रीमती मौसमी देवी जी अग्रवाल का निधन

**रायपुर।** अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि, हमारी माता श्रीमती मौसमी देवी जी अग्रवाल का आज दिनांक 06.04.2026 को मध्यरात्रि असामयिक निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा कल दिनांक 07.04.2026 को प्रात: 09.00 बजे हमारे निवास स्थान एल.आई.जी.- 2328, वीर सावरकर नगर, हीरापुर से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकाली जावेगी, जहां प्रात: समय 10.00 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। शोकाकुल परिवार श्री संजय अग्रवाल , श्री अनिल कुमार अग्रवाल, श्री राकेश अग्रवाल ( बेटे ) M.No. 9826169665 , 9826855769



दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 07 अप्रैल 2026

## रेलवे ब्लॉक के चलते 6 दिन रद्द रहेगी रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजर ट्रेन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** यात्रियों के लिए जरूरी खबर है। रेलवे अवसंरचना कार्य के चलते रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजर ट्रेन अप्रैल माह में 6 दिन रद्द रहेगी। यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा और कार्य की सुचारू प्रगति को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल अंतर्गत मुनिगुड़ा-भीषमकट्टक सेक्शन में आरसीसी सेगमेंट बॉक्स की स्थापना और -230 रिलीविंग गर्डर के लॉन्चिंग व डी-लॉन्चिंग का कार्य किया जाना है। इसके लिए अलग-अलग तिथियों में ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा।



# सेवा की स्टीयरिंग पर राज्यपाल, जनसेवा के साक्षी बने विधायक

■ सत्ता नहीं, सेवा का संदेश- राज्यपाल और विधायक ने पेश की मिसाल





**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर शंकर नगर, गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में जनसेवा का एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। सेवा, संवेदना और समर्पण से परिपूर्ण इस कार्यक्रम ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाने के संकल्प को साकार किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने लोकभवन द्वारा प्रदत्त एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का विशेष और भावपूर्ण क्षण तब आया जब राज्यपाल स्वयं एंबुलेंस चलाते हुए नजर आए, जबकि उनके साथ रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरन्दर मिश्रा बैठे रहे। उक्त एंबुलेंस का संचालन श्री जगन्नाथ सेवा समिति के माध्यम से किया जाएगा, जिससे जरूरतमंदों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और अंत्योदय के संकल्प को पुनः जागृत करने का दिन है। उन्होंने कहा कि यह पहल समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के लिए आशा की नई किरण साबित होगी।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लेते हुए सेवा को ही सर्वोच्च धर्म मानने की भावना को मजबूत किया।

# जीके होंडा ने लकी ड्रॉ स्कीम का अनावरण किया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्वसनीय होंडा टू-व्हीलर के अधिकृत एवं रायपुर के प्रख्यात डीलर जीके होंडा ने नवरात्रि में लकी ड्रॉ का आजोयन किया था, जिसका अनावरण 5 अप्रैल को ग्राहकों के उपस्थिति में किया गया और सुचारु रूप से विजेताओं के नाम की घोषणा करते हुए उन्हें पुरुस्कार के रूप में फ्रिज, वाशिंग मशीन, एलईडी टीवी और माइक्रोवेव ओवन जैसे बड़े उपहार प्रदान किए तथा उनके निरंतर विश्वास के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। यह जीके होंडा की पारदर्शिता को प्रदर्शित करता है जिसे ग्राहकों सराहाढ्ढ

इस खास अवसर पर जीके होंडा के डायरेक्टर श्री पुनीत पारवानी एवं श्रीमती अनमोल पारवानी ने उपस्थित होकर सभी विजेताओं को सम्मानित किया और साथ ही इस आयोजन के लिए पूरी जीके टीम को इसका श्रेय दिया ढ्ढ यह अवसर और भी खास था क्यूंकि जीके होंडा ने इस वर्ष 10000+ वाहनों की बिक्री पूरी की है ढ्ढ पुनीत पारवानी जी ने यह आश्वासन दिया की जीके हमेशा ग्राहकों को बेहतर सेवा, भरोसेमंद उत्पाद एवं उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी इसी विश्वास के साथ सेवा करता रहेगा और सभी ग्राहकों एवं सहयोगियों से भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग और विश्वास की अपेक्षा रहेगी।

# अंत्योदय के संकल्प के साथ विकसित भारत की ओर अग्रसर भाजपा : सांसद बृजमोहन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर अपने कार्यालय में पार्टी का ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समस्त देशवासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी और आज यह विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुका है। उन्होंने स्मरण किया कि उस समय भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को पार्टी का प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया था। मुंबई में आयोजित पहले अधिवेशन में अटल जी द्वारा दिया गया उद्घोष— अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा— आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूर्णतः साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 'अंत्योदय' के संकल्प के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वर्ष 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के नेतृत्व में स्थापित जनसंघ के जिन उद्देश्यों को लेकर यात्रा प्रारंभ हुई थी, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी के मार्गदर्शन में साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करना हो या धारा 370 का उन्मूलन कर देश की एकता और अखंडता को सशक्त बनाना—ये सभी ऐतिहासिक निर्णय भाजपा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण हैं। भाजपा सरकार गरीब, युवा, महिला, किसान और मजदूर—समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

# मैट्स विश्वविद्यालय में एआई एवं डेटा इंजीनियरिंग के साथ फ्यूचर-प्रूफिंग पर मास्टरक्लास आयोजित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर के स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा 6 अप्रैल 2026 को BCA, MCA, इंजीनियरिंग एवं आईटी के विद्यार्थियों के लिए AI एवं डेटा इंजीनियरिंग के साथ फ्यूचर-फ्रूफिंग विषय पर एक ज्ञानवर्धक मास्टरक्लास का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उभरती तकनीकों और उद्योग के नवीन रुझानों से अवगत कराना था। इस मास्टरक्लास का संचालन प्रख्यात AI लीडर एवं डेटा एवं एनालिटिक्स विशेषज्ञ, ञ्चश्वष्ठ× वक्ता स्वप्निल सौरव द्वारा किया गया। उन्होंने अपने विस्तृत औद्योगिक अनुभव के आधार पर महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। सत्र में ‚ढ्ढ के बदलते परिदृश्य, डेटा-आधारित निर्णय प्रक्रिया तथा भविष्य के लिए आवश्यक कौशलों के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। मास्टरक्लास को विद्यार्थियों से अत्यंत उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। इस इंटरैक्टिव सत्र में वास्तविक जीवन के केस स्टडी, उद्योग आधारित उदाहरण तथा रोचक चर्चाएँ शामिल थीं, जिससे विद्यार्थियों को ‚ढ्ढ एवं डेटा इंजीनियरिंग में करियर विकल्पों के प्रति स्पष्टता मिली। विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछकर और अपने विचार साझा कर सहभागिता की। डॉ. ओमप्रकाश चंद्राकर, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा अपने उद्बोधन में यह स्पष्ट किया कि‚ढ्ढ आईटी प्रोफेशनल्स के लिए खतरा नहीं, बल्कि एक सफल और भविष्य-उन्मुख करियर बनाने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर कुलपति डॉ. के. पी. यादव, डायरेक्टर जनरल श्री प्रियेश पगारिया एवं कुलसचिव श्री गोकुलानंद पांडा ने इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों को नई तकनीकों के साथ निरंतर अद्यतन रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की इस प्रतिबद्धता को भी दोहराया कि विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों द्वारा उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# समपार फाटक स्थाई रूप से बंद



**रायपुर( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के दुर्ग दल्लीराजहरा सेक्शन में मानव रहित समपार फाटक डी.डी.- 39 किमी.-910/3-4 सिकोसा-पिनकापार गेट के पास में रोड अंडर ब्रिज निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है। इसे आम जनता के लिए दिनांक 10.04.2026 (सुबह 6:00 बजे) से रोड अंडर ब्रिज खोल दिया जायेगा एवं समपार फाटक (लेवल क्रासिंग) डी.डी.- 39 को स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा । इस संबंध में स्थानीय प्रशासन और रेल प्रशासन के मध्य सारी औपचारिकता पूर्ण कर ली गई हैं। रोड अंडर ब्रिज रेलवे और सड़क—दोनों के लिए सुरक्षित, तेज और आधुनिक समाधान है, जो आम जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रोड अंडर ब्रिज बनने से रेलवे फाटक बंद होने की समस्या समाप्त हो जाती है, जिससे सड़क यातायात बिना रुके चलता रहता है। फाटक पर लंबा इंतजार नहीं करना पड़ता, जिससे यात्रियों और वाहन चालकों का समय बचता है। फाटक पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं (ट्रेन-वाहन टकराव) की संभावना पूरी तरह खत्म हो जाती है। बार-बार फाटक बंद/खोलने की आवश्यकता नहीं होने से ट्रेनों का संचालन अधिक संरक्षा के साथ और समयबद्ध होता है।

# रायपुर में खुलेगा फिक्की फ्लो का 22वां चैप्टर, महिला उद्यमिता को मिलेगा नया आयाम

**रायपुर (विश्व परिवार)।** फिक्की (FICCI) की महिला विंग, फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (FLO), 9 अप्रैल 2026 को रायपुर में अपने 22वें चैप्टर का शुभारंभ करने जा रही है। 1983 में स्थापित स्नह्र एक अखिल भारतीय नेटवर्क है, जो महिला उद्यमिता, नेतृत्व और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। वर्तमान में 21 चैप्टर्स के माध्यम से इसके 15,000 से अधिक सदस्य हैं। रायपुर चैप्टर मुख्य रूप से महिला नेतृत्व वाले उद्यमों को मजबूत करने, जमीनी स्तर पर संपर्क बढ़ाने और बाजार तक पहुंच के अवसर पैदा करने की दिशा में कार्य करेगा। इसका विशेष ध्यान फूड एंड एग्रो, टेक्सटाइल, हस्तशिल्प और स्टार्टअप्स जैसे क्षेत्रों पर होगा। इस नए चैप्टर का नेतृत्व चेयरपर्सन सुश्री पूनम अग्रवाल अपनी कोर टीम के साथ करेंगी। इस लॉन्च इवेंट में क्षेत्र के उद्यमी, सदस्य और प्रमुख स्टेकहोल्डर्स शामिल होंगे, जो छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए एक सहयोगात्मक और विकासोन्मुखी मंच की शुरुआत का प्रतीक बनेगा।


FICCI flo
The Power to Empower

# मुआवजे की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने नगर निगम सामान्य सभा में उठाया मुद्दा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** तात्यापारा चौक के चौड़ी करण के मुआवजे की मांग को लेकर रायपुर नगर निगम में *नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी* ने प्रमुखता से इस मुद्दे को 30 मार्च को सामान्य सभा में उठाया था कि पहली सामान्य सभा में महापौर जी ने खुद कहा था कि हम तात्यापारा रोड के चौड़ी करण के प्रभावितों लोगो को मुआवजा तत्काल दिलवाएंगे

किंतु एक साल बीत जाने के बाद भी इस सामान्य सभा में दूसरा बजट पेश किया किंतु इस बजट में भी कोई प्रावधान तात्यापारा रोड के प्रभावितों के लिए नहीं रखा जाना समझ से परे है खुद महापौर जी ने 10 करोड़ का प्रस्ताव रखा था । रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि हमारे बार बार कहे जाने के बाद भी महापौर जी को तात्यापारा रोड के प्रभावितों की अनदेखी किया जाना समझ से परे है राज्य सरकार ने अपने बजट में नई बात कही की वहां हम ओवर ब्रिज निर्माण करवाएंगे क्या यह उनके व्यापार में दोहरी मार नहीं होगी एक ओर उनके मुआवजे को बीजेपी सरकार नहीं दे पा रही है ओर दूसरी ओर नगर निगम की महापौर जी उनकी अनदेखी कर रहीं है क्या बीजेपी की दोहरी नीति समझ नहीं आती एक ओर ओवर ब्रिज निर्माण में खुद बीजेपी दोहरी बात कर रही है एक ओर रायपुर सासंद महोदय श्री बृज मोहन अग्रवाल जी कुछ अलग बात कर रहे है।



शांति विधान एवं तेरहवीं

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय **श्री इन्द्र कुमार जैन**
(सुपुत्र - स्व. श्री धरमचंद जी जैन, भाटापारा वालों)
का देवलोक गमन 26 मार्च 2026, गुरुवार को हो गया है।
जिनका कार्यक्रम निम्नानुसार है :-
7 अप्रैल 2026, मंगलवार
शांति विधान - सुबह 7:30 बजे
श्री दिगम्बर जैन मंदिर, मालवीय रोड, रायपुर

तेरहवीं (पगड़ी रस्म) - सुबह 10:30 बजे
जैन दादाबाड़ी, एम. जी. रोड, रायपुर

शोकाकुल परिवार -
अनिल, राजकुमार, सतीश, गिरीश जैन (भाई)
संस्कार-दिव्या जैन (पुत्र), भावना - आकाश जैन (पुत्री)
एवं समस्त जैन परिवार

## महादेव घाट में संपन्न हुई 5वीं अखिल भारतीय वॉलीबॉल स्पर्धा 2026

# उत्तर प्रदेश पुरुष वर्ग का और राजस्थान महिला वर्ग का खिताब पर कब्जा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** महादेव घाट स्थित हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल मैदान में आयोजित 5वीं अखिल भारतीय वॉलीबॉल स्पर्धा 2026 का समापन आज शानदार और रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। तीन दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने अपने उत्कृष्ट खेल, अनुशासन और खेल भावना का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए पुरुष एवं महिला वर्ग के फाइनल मुकाबलों में उत्तर प्रदेश और राजस्थान की टीमों ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में राजस्थान की टीम ने रायपुर को लगातार तीन सेटों में 3-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। राजस्थान की महिला खिलाड़ियों ने पूरे मैच में शानदार तालमेल, मजबूत डिफेंस और प्रभावशाली आक्रमण का परिचय दिया। मुकाबले में राजस्थान ने पहले सेट को 25-09, दूसरे सेट को 25-15 और तीसरे सेट को 25-07 से जीतते हुए एकतरफा अंदाज में मैच अपने नाम किया। राजस्थान की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग की विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं रायपुर की टीम उपविजेता रही। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल क्लब, रायपुर को 2-0 से पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश की टीम ने फाइनल मुकाबले में अपने अनुभव, बेहतर समन्वय और आक्रामक खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला सेट 25-12 तथा दूसरा सेट 25-19 से जीत लिया।

## तीन दिनों तक खेल उत्सव जैसा रहा माहौल

तीन दिनों तक चले इस आयोजन में देश-विदेश के नामी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों की बड़ी भागीदारी रही। पूरे टूर्नामेंट के दौरान महादेव घाट स्थित हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल मैदान में खेल उत्सव जैसा माहौल बना रहा। प्रतियोगिता में खेले गए मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांच, संघर्ष और उच्चस्तरीय खेल का अद्भुत अनुभव कराया। आयोजन समिति द्वारा की गई व्यवस्थाओं और अनुशासित संचालन की भी सभी ने सराहना की। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, सहयोगियों, खेल प्रेमियों, पदाधिकारियों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री सैयद अनवर अली एवं सचिव श्री रमाकांत निषाद द्वारा दी गई।



डिंपल्स
कॉस्मेटिक
सर्जरी द्वारा
गालों में
स्थायी
डिंपल्स
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फोन : 9827143060/8871003060

RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354